UPHIN/2011/39718
(डिजिटल संस्करण)
बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-248 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) शुक्रवार 21 अगस्त 2026 youngbharatE-paper.com

# 2007 वाला सुपरहिट फॉर्मूला फिर होगा हिट? मायावती के इस एक फैसले ने विरोधी पार्टियों की बढ़ाई धड़कनें



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश में 2027 का विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहा है, हर पार्टी ने अपनी-अपनी राजनीतिक बिसात बिछानी शुरू कर दी है। इसी बीच बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी अपनी पूरी रणनीति एक दम साफ कर दी है।

यह फैसला तब सामने आया है जब लंबे समय से सियासी गलियारों में चर्चा थी कि वह अपने भतीजे आकाश आनंद को आगे कर चुनावी मैदान में बड़ा दांव खेलेंगी। लेकिन अब मायावती ने एक ऐसा बड़ा संकेत दिया है जिसकी यूपी की सियासत में जबरदस्त चर्चा हो रही है। मायावती ने 2007 के उस सोशल इंजीनियरिंग वाले समीकरण को फिर से साधना शुरू कर दिया है, जिसके दम पर बसपा ने यूपी में अपने बूते पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। वह समीकरण है- दलित और ब्राह्मण वोट बैंक का मेल। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपना अगला दांव पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है। पार्टी ने अपने सबसे भरोसेमंद और बड़े ब्राह्मण चेहरों में शामिल सतीश चंद्र मिश्र का कद और जिम्मेदारी दोनों बढ़ा दी हैं। अब वह पार्टी के कानूनी और मीडिया से जुड़े कामकाज के साथ-साथ चुनाव आयोग से संबंधित सभी अहम मामलों को भी सीधे देखेंगे। मायावती ने इसके साथ ही ब्राह्मण समाज को पार्टी से जोड़ने और 2007 जैसी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की तैयारियों का खुलकर जिक्र किया है। इससे यूपी के चुनावी माहौल में बसपा एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मायावती ने सतीश चंद्र मिश्र की जिम्मेदारी बढ़ाने का आधिकारिक ऐलान किया है। सतीश चंद्र मिश्र लंबे समय से बसपा के राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इसके साथ ही वह देश के एक जाने-माने सीनियर वकील भी हैं। बसपा सरकार के दौरान वह उत्तर प्रदेश के महाधिवक्ता और कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं, साथ ही लंबे समय तक राज्यसभा सांसद भी रहे हैं। मायावती ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि अब वह 2027 चुनाव तक पार्टी के लिए चुनाव आयोग से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य भी देखेंगे। मायावती ने अपनी पोस्ट में विशेष रूप से ब्राह्मण समाज का नाम लिया है। उन्होंने कहा कि बसपा सर्वसमाज में अपना जनाधार लगातार मजबूत कर रही है। इसी कड़ी में ब्राह्मण समाज के लोगों को पार्टी का प्रत्याशी बनाने की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। मायावती ने इस रणनीति को साल 2007 की तर्ज पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लक्ष्य से जोड़ा है। यानी मायावती का एजेंडा एकदम क्लियर है कि उन्हें दलित वर्ग के साथ-साथ ब्राह्मण समाज को भी फिर से पार्टी के पाले में लाना है। इसके साथ ही मायावती ने दावा किया कि बसपा की बढ़ती राजनीतिक सक्रियता से विरोधी दलों में गहरी बेचैनी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज को पार्टी से जोड़ने और उन्हें उम्मीदवार बनाने की शुरुआत के बाद से दूसरी पार्टियों में तरह-तरह की चर्चाएं और चिंताएं नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने बहुजन समाज के लोगों को विरोधी दलों के कथित हथकंडों व बहकावे से पूरी तरह सतर्क रहने की अपील की। मायावती ने स्पष्ट किया कि 2027 के लिए उम्मीदवारों के चयन का काम तेजी से चल रहा है और विधानसभा स्तर पर आयोजित हो रहे कार्यकर्ता सम्मेलनों में प्रत्याशियों के नामों की घोषणा भी की जा रही है।



# यूपी के 3.53 लाख रसोइयों को बड़ी खुशखबरी, तैयारी शुरू



( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए मिड डे मील तैयार करने वाले रसोइयों को जल्द आर्थिक राहत मिल सकती है। प्रदेश में करीब 3.53 लाख रसोइयों के मासिक मानदेय में बढ़ोतरी किए जाने की तैयारी की चर्चा है। बताया जा रहा है कि मानदेय में करीब 1000 रुपये तक की वृद्धि संभव है। हालांकि, इस संबंध में अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को मिलने वाले मिड डे मील की व्यवस्था में रसोइयों की अहम भूमिका है। वे रोजाना भोजन तैयार करने से लेकर कई जरूरी जिम्मेदारियां संभालते हैं। लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग उठती रही है। शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में बढ़ोतरी के बाद रसोइयों की उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। रसोइयों के मानदेय में पिछले वर्षों में कई बार बदलाव किया गया है। पहले उन्हें 1000 रुपये प्रति माह मिलते थे। वर्ष 2019 में इसे बढ़ाकर 1500 रुपये किया गया, जबकि 2022 में मानदेय बढ़कर 2000 रुपये मासिक हो गया। अब एक बार फिर इसमें वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। प्रदेश के करीब 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों में लगभग 1.46 करोड़ विद्यार्थियों को मिड डे मील उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में मानदेय बढ़ने पर राज्यभर के 3.53 लाख रसोइयों को सीधा आर्थिक लाभ मिल सकता है। मौजूदा व्यवस्था में 2000 रुपये मासिक मानदेय के अलावा यूनिफॉर्म के लिए 500 रुपये और ग्लव्स के लिए 400 रुपये दिए जाते हैं। फिलहाल मानदेय में बढ़ोतरी को लेकर अंतिम फैसला सरकार की ओर से होना बाकी है।

# सुहागरात पर दुल्हन ने पति से कहा- 'मैं किसी और की अमानत हूं.फिर पति ने जो किया वो कोई नहीं कर पाता

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश में पति-पत्नी के रिश्ते से जुड़ा एक अनोखा मामला सामने आया है. शादी के बाद पहली ही रात दुल्हन ने अपने पति को बताया कि वह किसी और से प्यार करती है और परिवार के दबाव में उसकी शादी हुई है.उसने पति के साथ वैवाहिक जीवन बिताने से इनकार कर दिया. इसके बाद दोनों परिवारों ने आपसी बातचीत के जरिए विवाद सुलझाने की कोशिश की. आखिरकार तीन दिन बाद युवती को उसके प्रेमी के साथ भेज दिया गया.

जानकारी के अनुसार, युवक और युवती की शादी 25 जू. 2026 को परिवार की मौजूदगी में पूरे रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुई थी. शादी के बाद सुहागरात पर दुल्हन ने पति से साफ शब्दों में कहा कि वह किसी और की अमानत है. उसका कहना था कि परिवार की इच्छा के कारण उसे यह शादी करनी पड़ी और वह इस



रिश्ते को आगे नहीं बढ़ाना चाहती. दुल्हन की बात सुनने के बाद पति ने कोई हंगामा या विवाद नहीं किया. उसने पूरे मामले की जानकारी अपने परिजनों और पत्नी के परिवार को दी. इसके बाद दोनों पक्षों के बीच कई दौर की बातचीत हुई. परिवारों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवती अपने फैसले पर कायम रही और प्रेमी के साथ ही रहने की इच्छा जताई. जब बातचीत से कोई समाधान नहीं निकला तो 28 जू. को दोनों परिवारों की सहमति से युवती के प्रेमी को बुलाया गया. सभी पक्षों की मौजूदगी में निर्णय लिया गया कि युवती अपनी इच्छा के अनुसार प्रेमी के साथ जाएगी. इसके बाद वह उसके साथ चली गई. भविष्य में किसी तरह की कानूनी परेशानी से बचने के लिए दूल्हे और उसके पिता ने हापुड़ महिला थाने में लिखित शिकायत दी. शिकायत में पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई, ताकि बाद में किसी प्रकार का आरोप-प्रत्यारोप या कानूनी विवाद खड़ा न हो. महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरुणा राय के अनुसार, युवक के परिजनों की ओर से शिकायत प्राप्त हुई थी. जांच के दौरान सामने आया कि युवती विवाह के बाद पति के साथ नहीं रहना चाहती थी और किसी अन्य युवक से प्रेम करती थी. दोनों परिवारों की सहमति से मामले का शांतिपूर्ण निस्तारण करा दिया गया. फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई आपराधिक आरोप नहीं लगाया गया है और मामला आपसी सहमति से समाप्त हो गया है.

# आरटीआई का सालों साल जवाब नही देते अधिकारी, लघु सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

- » डीएम लेते हैं हर माह मीटिंग तब भी हठी अधिकारी नही बदल रहे हैं अपना रवैया
- » लोकतंत्र में जनता के सवालों का कोई महत्व नही
- » दो-दो और तीन-तीन साल से सूचना के लिए भटकने का आरोप, आवेदकों ने उठाए गंभीर सवाल
- » अधूरी अथवा भ्रामक जानकारी देकर मामलों के निस्तारण का आरोप
- » बोरवेल निर्माण में मानकों की अनदेखी और किसानों के हितों से खिलवाड़ के आरोप
- » अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल, निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग

(प्रधान सम्पादक)
(यंग भारत न्यूज)

**उरई, जालौन।** जनपद के लघु सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर किसानों और आरटीआई आवेदकों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। आरोप है कि विभाग में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत मांगी गई सूचनाओं को समय से उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। कई आवेदकों का कहना है कि उनके आवेदन पिछले दो से तीन वर्षों से लंबित हैं, लेकिन अभी तक उन्हें मांगी गई पूरी सूचना नहीं मिल सकी है। इससे विभागीय पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आरटीआई आवेदकओं का आरोप है कि उन्होंने लघु सिंचाई विभाग से विभिन्न मामलों से संबंधित सूचनाएं सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मांगी थीं, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बाद भी उन्हें अपेक्षित जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। उनका कहना है कि कभी-कभी जो सूचना दी जाती है, उसमें भी संबंधित बिंदुओं का स्पष्ट जवाब




नहीं मिलता और आवेदक को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। आवेदक ने आरोप लगाया कि कई मामलों में वास्तविक सूचना उपलब्ध कराने के बजाय कागजी कार्रवाई पूरी कर प्रकरणों का निस्तारण दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। यदि ये आरोप सही पाए जाते हैं तो यह न केवल पारदर्शिता के उद्देश्य के विपरीत होगा, बल्कि सूचना मांगने वाले नागरिकों के अधिकारों को भी प्रभावित करेगा।

## किसानों ने भी लगाए गंभीर आरोप

लघु सिंचाई विभाग की योजनाओं और किसानों के लिए कराए गए बोरवेल कार्यों को लेकर भी शिकायतें सामने आने का दावा किया गया है। किसानों का आरोप है कि कुछ कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया। बोरवेल निर्माण में आरआरबी सामग्री के उपयोग तथा ग्रेविटी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं लगाए जाने जैसे आरोप लगाए गए हैं। किसानों का कहना है कि यदि विभाग में कराए गए बोरवेल और अन्य कार्यों की तकनीकी जांच कराई जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।

किसानों का यह भी आरोप है कि शिकायतें किए जाने के बावजूद संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे शिकायतकर्ताओं में नाराजगी है। उनका कहना है कि बुंदेलखंड क्षेत्र में सिंचाई और पानी की समस्या पहले से गंभीर है। ऐसे में लघु सिंचाई विभाग की योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता सीधे किसानों के हितों को प्रभावित कर सकती है।

## अभियंता पर ठेकेदारी को लेकर भी सवाल

शिकायतकर्ताओं ने विभाग में कार्यरत एक सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह जादौन को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि सरकारी पद पर रहते हुए ठेकेदारी से जुड़े कार्यों में उनकी कथित भूमिका है और फर्म में पार्टनरशिप के माध्यम से काम किए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। शिकायतकर्ताओं का सवाल है कि यदि किसी सरकारी अभियंता की ठेकेदारी अथवा निर्माण कार्यों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भागीदारी है तो इसकी जांच संबंधित सक्षम अधिकारियों द्वारा क्यों नहीं कराई जा रही है। उनका कहना है कि सरकारी सेवा में रहते हुए निजी ठेकेदारी से जुड़े हितों के टकराव की स्थिति की निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

## उच्चाधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों के खिलाफ लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि शिकायतों में लगाए गए आरोप गलत हैं तो विभागीय जांच के माध्यम से स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए और यदि अनियमितताएं पाई जाती हैं तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

## जांच से सामने आ सकती है वास्तविकता

शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि लघु सिंचाई विभाग में पिछले वर्षों में कराए गए बोरवेल, निर्माण कार्यों, भुगतान, तकनीकी स्वीकृतियों और संबंधित अभिलेखों की स्वतंत्र जांच कराई जाए। साथ ही आरटीआई आवेदनों की भी समीक्षा कर यह पता लगाया जाए कि कितने आवेदन निर्धारित समय में निस्तारित हुए और कितने लंबित हैं। पूरे मामले में विभागीय अधिकारियों का पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन अधिकारियों द्वारा ना फोन रिसीव किया गया ना कार्यालय में बैठ पाए गए यदि निष्पक्ष जांच कराई जाती है तो आरटीआई आवेदनों के निस्तारण, विभागीय कार्यों और किसानों के लिए कराए गए बोरवेल की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों की वास्तविकता स्पष्ट हो सकती है।

# हरियाणा में रोंगटे खड़े करने वाला हत्याकांड, पति ने पत्नी और 40 दिन के बच्चे को बेरहमी से उतारा मौत के घाट, वजह होश उड़ा देगी

( यंग भारत न्यूज )

पलवल सदर थाना क्षेत्र के गांव रजपुरा में बुधवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। आरोप है कि एक युवक ने नशे की हालत में अपनी विवाहिता पत्नी और महज 40 दिन के बच्चे की गला दबाकर हत्या कर दी।

इसके बाद आरोपी ने घर की छत से छलांग लगाकर भागने अथवा आत्महत्या का प्रयास किया, जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान 23 वर्षीय शगुफ्ता के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पति 26 वर्षीय सोहेल खान पुत्र यतीम खान गांव में सीएससी सेंटर चलाता था। दोनों की शादी 20 अप्रैल 2023 को हुई थी। जिला अस्पताल में उपचाराधीन सोहेल खान ने पत्नी और बच्चे की मौत की बात स्वीकार करते हुए कथित तौर पर पुलिस के समक्ष कहा कि वह नशे में था और रात को किसी बात को लेकर उसे गुस्सा आ गया। इसी दौरान उसने पत्नी और बच्चे की हत्या कर दी। आरोपी ने यह भी कहा कि उसे अपने किए पर पछतावा है और अब वह जल्द से जल्द फांसी चाहता है। घटना की सूचना मिलते ही शगुफ्ता के मायके पक्ष के लोग



अस्पताल पहुंच गए। मृतका की बहन और अन्य परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए शगुफ्ता को प्रताड़ित करने और उसके साथ मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि शादी के समय करीब चार लाख रुपये नकद और काफी सामान दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष की ओर से बार-बार नई मांगें की जाती रहीं। करीब डेढ़ महीने पहले जब सगुप्ता ने एक बेटे को जन्म दिया, तो ससुराल वालों ने छूछक के अवसर पर कार की मांग की। मांग पूरी न होने पर 15 अगस्त को आरोपितों ने सगुप्ता के साथ मारपीट की और उसे मायके छोड़ आए। इसके बाद 17 अगस्त को रिश्तेदारों और पंचायत के आश्वासन पर 50,000 रुपये नकद तथा एक एसी देकर सगुप्ता को वापस ससुराल भेजा गया था। आरोप है कि 18 अगस्त को सगुप्ता ने फोन कर स्वजन को बताया कि पति सोहिल, ससुर यकीम, सास अफसाना, सरपंच साहिब ने उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। 20 अगस्त की सुबह पीड़िता के परिवार को फोन पर सूचना मिली कि सगुप्ता और उसके डेढ़ महीने के मासूम बेटे जुहान की हत्या कर दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग रजपुरा पहुंचे, जहां उन्होंने मां और मासूम बच्चे के शरीर तथा गर्दन पर गंभीर चोट के निशान पाए

शव सड़क पर रखकर लगाया जाम घटना से आक्रोशित परिजनों और महिलाओं की भारी भीड़ ने अस्पताल परिसर में हंगामा करते हुए पुलिस पर कार्रवाई में देरी का आरोप लगाया। आक्रोशित लोगों ने शव को स्ट्रेचर सहित सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सदर थाना प्रभारी हरकिशन लोगों को समझाने का प्रयास करते नजर आए, लेकिन महिलाओं की भारी भीड़ और विरोध के चलते पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालात को देखते हुए अस्पताल में अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया, लेकिन परिजनों का आक्रोश कम नहीं हुआ। पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की शुरू पीड़ित पिता ने पुलिस से मांग की है कि सभी नामजद आरोपितों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए तथा शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि इस मामले में शगुफ्ता के पति सोहिल खान मुख्य आरोपित है। उसने ही पहले अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या की और उसके बाद अपने डेढ़ महीने के मासूम का गला घोंट दिया इसके बाद उसने छत से कूदकर आत्महत्या का प्रयास भी किया, इससे उसके पैरों में चोट आई। ग्रामीणों के अनुसार सोहेल खान नशे का आदि भी था। उसका उपचार फिलहाल जिला नागरिक अस्पताल में पुलिस की देखरेख में चल रहा है। वहीं पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सदर थाना प्रभारी हरिकिशन ने बताया कि फिलहाल आरोपी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

# 20 रुपए के लिए दोस्त को मार डाला, 2 बच्चों के सिर से उठ गया पिता का साया

( यंग भारत न्यूज )

शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर शराब पीने के लिए 20 रुपए नहीं देने पर युवक ने दिनदहाड़े दोस्त को चाकू घोंपकर मार डाला। गुस्साए लोगों ने चौकी का घेराव कर जमकर हंगामा किया और आरोपी के एनकाउंटर की मांग की। विक्रम एंक्लेव एक्सटेंशन निवासी 22 साल का मुश्ताक अली पुत्र संजू कबाड़ बीनने का काम करता था। परिवार में उनकी पत्नी सायरा, दो साल का बेटा मुस्तकीम, नौ माह की बेटी सायरा और उसकी मां है। पुलिस के अनुसार मुश्ताक अली पहले दिल्ली की सीमापुरी में रहता था और वहां रहने वाले समीर उर्फ गद्दू से दोस्ती थी। दोनों कबाड़ बीनने का काम करते थे और दोनों के बीच रुपयों का लेनदेन भी होता था। लगभग 20 दिन पहले समीर ने भी विक्रम एंक्लेव एक्सटेंशन में किराए पर मकान लिया था। इसके बाद वह यहां काम की तलाश कर रहा था। समीर शराब पीने का आदी है।



बुधवार दोपहर में लगभग डेढ़ बजे समीर मुश्ताक के पास पहुंचा और 20 रुपए वापस मांगने लगा। उसने कहा कि शराब पीनी है और रुपए कम पड़ रहे हैं। मुश्ताक ने रुपये नहीं होने की बात कही। इस पर दोनों में बहस हो गई और दोनों गाली-गलौज करने लगे। इसी बीच समीर ने चाकू निकालकर मुश्ताक पेट में घोंप दिया। मुश्ताक लहूलुहान होकर वहीं गिर गया और समीर मौके से भाग निकला। चीख पुकार मचने पर परिजन मुश्ताक को तुरंत दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान मुश्ताक की मौत हो गई। कॉलोनी वासियों ने विक्रम एंक्लेव पुलिस चौकी का घेराव कर लिया और आरोपी के एनकाउंटर की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस चौकी पर हंगामा करने वाले कॉलोनी वासियों ने परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। लोगों का कहना था कि मुश्ताक घर में अकेला कमाने वाला था और अब उसके परिवार के सामने भुखमरी की स्थिति हो जाएगी। वहीं, हंगामा करने वालों ने हत्यारोपी के एनकाउंटर की भी मांग की। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत किया। मुश्ताक के दो छोटे बच्चे हैं। होश संभालने से पहले ही उनके सिर से पिता का साया उठ गया। कॉलोनी वासियों में इस बात को लेकर ज्यादा आक्रोश था। कॉलोनी वासियों का कहना था कि दोनों बच्चे अबोध हैं, मां और दादी घर पर ही रहती हैं।

# प्रिंसिपल को 27 बार गोदा चाकू, 'बाबू' शब्द ने कातिल छात्र तक पहुंचाया

( यंग भारत न्यूज )

नलगोंडा जिले में प्राइवेट स्कूल की प्रिंसिपल रूपा रेड्डी की उनके घर पर हत्या के एक हफ़्ते से ज़्यादा समय बाद, पुलिस ने उसी स्कूल के 10वीं क्लास के दो छात्रों को पकड़ा है. आरोप है कि उन्होंने रूपा की हत्या तब की जब उन्होंने उनमें से एक को घर में चोरी करते हुए पकड़ लिया था.

35 साल की रूपा 11 अगस्त को घर में अकेली थीं, तभी उनकी लाश मिली. पुलिस ने बताया कि उन्हें 27 बार चाकू मारा गया था. जांच में तब अहम सुराग मिला जब उन्होंने अपनी आंटी से आखिरी बार फोन पर बात की. फोन बंद होने से ठीक पहले उन्होंने 'बाबू' शब्द कहा था, जिससे जांच करने वालों को शक हुआ कि इसमें स्कूल के छात्रों का हाथ हो सकता है. पुलिस के मुताबिक, जांच में तेज़ी तब आई जब पता चला कि हत्या के बाद दोनों नाबालिग लड़के बेहिसाब पैसे खर्च कर रहे थे और दोस्तों के साथ पार्टियां कर रहे थे. उन्हें बुधवार सुबह हिरासत में लिया गया. पुलिस ने



एक नाबालिग के पास से 1.51 लाख रुपये नकद और एक आईफोन बरामद किया. नलगोंडा के एसपी शरत चंद्र पवार ने बताया कि हालांकि लड़के ने शुरू में कहा था कि पैसे उसके माता-पिता ने दिए थे, लेकिन कैश की फॉरेंसिक जांच में इंसानी खून के निशान मिले. जांचकर्ताओं को यह भी पता चला कि हत्या से करीब 15 दिन पहले रूपा की नजर उस नाबालिग पर पड़ी थी, जब वह बैग में मोबाइल फ़ोन और कैश के साथ पकड़ा गया था. उसे डांट-फटकार लगाई गई थी और हॉस्टल से निकाल दिया गया था. पुलिस को शक है कि इसी घटना की वजह से नाबालिग ने रूपा के घर को निशाना बनाया होगा. उसका मानना था कि 11 अगस्त को रूपा के घर पर काफी कैश होगा क्योंकि उस दिन स्कूल में फीस जमा हो रही थी. हत्या की कथित योजना वारदात से करीब पांच दिन पहले बनाई गई थी; दोनों ने पकड़े जाने से बचने के लिए दस्ताने और चाकू का इंतज़ाम किया और इलाके की रेकी की, जिसमें सीसीटीवी लोकेशन की जानकारी भी शामिल थी.हत्या वाले दिन, एक लड़का कंपाउंड की दीवार फांदकर घर के अंदर गया, जबकि दूसरा बाहर इंतजार करता रहा. इस डर से कि रूपा उसे पहचान लेंगी और चोरी की शिकायत कर देंगी. नाबालिग ने उन पर हमला किया और 27 बार चाकू मारा, फिर करीब 2.5 लाख रुपये नकद लेकर भाग गया. पुलिस ने बताया कि बाद में नाबालिग ने सबूत मिटाने के लिए अपने पहने हुए कपड़े एक नाले में फेंक दिए.  कहा कि दोनों को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने पेश किया गया है और उन्हें जुवेनाइल होम भेजने की प्रक्रिया चल रही है. पुलिस ने पहले हत्या के सिलसिले में रूपा के पति से पूछताछ की थी, लेकिन जांच में आखिरकार छात्रों की भूमिका सामने आई. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की फोरेंसिक जांच का इंतज़ार है. पुलिस ने कथित चोरी और डांट-फटकार के अलावा घटना के पीछे के असली मकसद का खुलासा नहीं किया है और कहा है कि जांच अभी जारी है.

# लखनऊ में डबल मर्डर और सुसाइड से सनसनी: बैंक कर्मी ने पहले पत्नी और बहन को मारी गोली, फिर की आत्महत्या

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** पति-पत्नी के विवाद ने गोमतीनगर में गुरुवार को खौफनाक रूप ले लिया। राजधानी के गोमतीनगर का अति व्यस्त रहने वाला मिठाईवाला चौराहा गुरुवार को दिन में करीब 12 बजे गोलियों की तडतड़ाहट से गूंज गया।



यहां एक युवक ने बैंक कर्मी पत्नी की दिनदहाड़े हत्या के बाद अवसाद में चल रही अपनी बहन को मौत के घाट उतारने के बाद आत्महत्या कर ली। एसबीआई में अका ?उंटेंट के पद पर कार्यरत मानस बाजपेई ने निजी बैंक की रिलेशनशिप मैनेजर पत्नी दिव्या मिश्रा की पहले मिठाई वाला चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद ई-रिक्शा से हुसड़िया चौराहे पर बड़ी बहन के घर पहुंचा और छोटी बहन तुलिका बाजपेई को गोली मार दी। इसके बाद मानस ने खुद को भी गोली मार ली। तीनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस आयुक्त तरुण गाबा, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार समेत समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल को सील कर फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस के मुताबिक, मानस और दिव्या ने वर्ष 2017 में प्रेम विवाह किया था। मानस एसबीआई में अकाउंटेंट था और उसकी पत्नी आईसीआईसीआई बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर तैनात थी। दोनों हुसड़िया के मकान में रहते थे। वर्ष 2024 से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। इसी वर्ष जनवरी में मानस बाजपेई ने तलाक के लिए अर्जी भी दाखिल की थी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत लगभग बंद थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुछ दिन पहले मानस को दिव्या की किसी अन्य व्यक्ति से दोस्ती होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद विवाद और बढ़ गया था। हालांकि, पुलिस अभी घटना के वास्तविक कारण की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, गुरुवार सुबह दिव्या आईसीआईसीआइ बैंक में मीटिंग में थीं। मानस बैंक के बाहर पहुंचा और आटो रिक्शा में बैठकर उनके बाहर आने का इंतजार करने लगा। मीटिंग खत्म होने के बाद वह अंदर गया और दिव्या को बुलाकर बाहर लाया। दोनों के बीच बातचीत हुई। इसके बाद मानस ने दो असलहा कमर से निकाले। पहले दिव्या के सिर पर हथियार की बट से हमला किया और फिर गोली मार दी। हत्या के बाद वह वहां से हुसड़िया घर पहुंचा। इसी बीच उसने मोबाइल पर स्टेटस लगाया कि उसने पत्नी दिव्या की हत्या करने की बात लिखी थी और इसके बाद बहन व खुद को भी मारने की बात कही थी। उसने यह भी लिखा था कि दिव्या की बहन और उसके जीजा को घटना के संबंध में सब पता है। पुलिस मोबाइल की अन्य गतिविधियों और संदेशों की भी जांच कर रही है। दिव्या की हत्या की सूचना पर गोमतीनगर पुलिस मौके पर पहुंची ही थी कि हुसड़िया पर मानस के घर में गोली चलने की सूचना मिल गई। पुलिस वहां पहुंची तो मानस की बहन तुलिका का शव पड़ा था। इसके पास ही मानस भी गंभीर हालत में मिला। उसने खुद को भी गोली मार ली थी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, तुलिका मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं और घर पर रहती थीं। पुलिस ने मानस के शव के पास से दो पिस्टल और एक तमंचा मिला। तीनों हथियारों में से किससे गोली चलाई गई, इसकी पुष्टि के लिए फोरेंसिक जांच कराई जा रही है। पुलिस आयुक्त लखनऊ तरूण गाबा ने बताया कि विवाद तो दोनों चल रहा था। अचानक घटना को अंजाम क्यों दिया। इसके बारे में पता लगाया जा रहा है, साथ ही परिवारजन से संपर्क कर जानकारी जुटाई जा रही है, जिससे आगे की कार्रवाई की जाएगी। तीन मौत से आज लखनऊ में सनसनी फैल गई। बैंक कर्मी महिला की हत्या की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। टीम जांच में जुटी थी कि सूचना मिली कि पत्नी के बाद बहन की हत्या करने वाले युवक ने आत्महत्या कर ली है।

# फ्लैट में दूसरी महिला के साथ पकड़ा गया पंचायत सचिव, पत्नी ने जूती से की पिटाई..

( यंग भारत न्यूज )



प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पति-पत्नी के विवाद का एक हाईवोल्टेज मामला सामने आया है। गुडंबा थाना क्षेत्र में एक पंचायत सचिव को उसकी पत्नी ने कथित तौर पर दूसरी महिला के साथ फ्लैट में पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर जमकर हंगामा हुआ और पत्नी ने पति की जूती से पिटाई कर दी। दूसरी महिला के साथ भी मारपीट का वीडियो सामने आया है। मामला कुर्सी रोड स्थित सुलभ आवास के एक फ्लैट का बताया जा रहा है। पंचायत सचिव अलसफ बेग की पत्नी सभा को सूचना मिली थी कि उसका पति एक महिला के साथ फ्लैट में मौजूद है। इसके बाद वह पुलिस को साथ लेकर मौके पर पहुंची। फ्लैट का दरवाजा खुलते ही वहां मौजूद महिला को देखकर पत्नी का गुस्सा फूट पड़ा। सामने आए वीडियो में पत्नी अपने पति को जूती से पीटती नजर आ रही है। इसके बाद वह दूसरी महिला पर भी थप्पड़ बरसाती दिखाई देती है। महिला खुद को बचाने की कोशिश करते हुए कहती है कि वह अभी-अभी वहां आई है और उसे चोट लगी है। इस पर पत्नी पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए नाराजगी जाहिर करती है। पत्नी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी अलसफ बेग से 9 जून 2021 को हुई थी और दोनों की करीब ढाई साल की बेटी है। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद पति का व्यवहार बदल गया और वह उसके साथ मारपीट करने लगा। पत्नी ने पति पर शराब और नशीले पदार्थों का सेवन करने, सरकारी नौकरी का रौब दिखाकर धमकाने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में सेक्स रैकेट जैसी गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का भी आरोप लगाया गया है। हालांकि इन आरोपों की पुलिस जांच कर रही है और इनकी स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। गुडंबा थाना प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक, पत्नी की शिकायत के आधार पर वैवाहिक विवाद को सुलझाने के लिए मामला मध्यस्थता केंद्र भेजा गया है। वहीं, पंचायत सचिव के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत में लगाए गए अन्य गंभीर आरोपों की भी निष्पक्ष तरीके से जांच की जा रही है। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला सोशल मीडिया पर भी चर्चा में है।

# खुशखबरी का बड़ा ऐलान, यूपी में आई 1 नई भर्ती, नोटिश जारी

( यंग भारत न्यूज )



उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने चिकित्सा शिक्षा विभाग में प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के कुल 1156 पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 18 अगस्त 2026 से शुरू हो चुकी है। इस भर्ती में प्रोफेसर के 44 पद और असिस्टेंट प्रोफेसर के 1112 पद शामिल हैं। योग्य उम्मीदवार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

1 सितंबर तक करें आवेदन-यूपीपीएससी की इस भर्ती के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 1 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन और ओटीआर के आधार पर होगी। अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले संबंधित पद की शैक्षणिक योग्यता और अन्य पात्रता शर्तें जरूर जांच लेनी चाहिए। भर्ती अभियान के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग में अलग-अलग पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें प्रोफेसर के 44 और असिस्टेंट प्रोफेसर के 1112 पद हैं। ये पद ग्रुप-ए, राजपत्रित श्रेणी के हैं।

ऐसे करें आवेदन -अभ्यर्थी सबसे पहले यूपीपीएससी की वेबसाइट पर जाकर ओटीआर प्रक्रिया पूरी करें। इसके बाद संबंधित भर्ती के आवेदन लिंक पर जाकर जरूरी जानकारी भरें, दस्तावेज अपलोड करें और निर्धारित शुल्क जमा कर आवेदन सबमिट करें। आवेदन पूरा होने के बाद उसका प्रिंट या डिजिटल कॉपी सुरक्षित रखना बेहतर रहेगा।

# एक साल तक हादसा समझी गई मौत. फिर मिला वो व्हाट्सएप्प मैसेज! बहन की मौत का राज खुला तो भाई ही निकला कातिल?

( यंग भारत न्यूज )

उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के सचेंडी थाना क्षेत्र में करीब एक साल पहले हुई 32 वर्षीय महिला की मौत का मामला अब एक सनसनीखेज हत्या के रूप में सामने आया है। शुरुआत में पुलिस ने इसे सड़क दुर्घटना माना था, लेकिन लंबी जांच के बाद सामने आए सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल और मृतका के व्हाट्सएप्प संदेश ने पूरे मामले की तस्वीर बदल दी।

पुलिस के मुताबिक, मृतका सीमा देवी की मौत किसी अज्ञात डीसीएम की टक्कर से नहीं हुई थी। आरोप है कि उसकी हत्या उसके ही सगे भाई श्यामजी पाल ने जमीन के विवाद को लेकर की थी। पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस मामले के खुलासे की जानकारी 19 अगस्त 2026 को सामने आई घटना के बाद शुरुआती तौर पर पुलिस के सामने जो कहानी आई, उसमें बताया गया था कि सीमा देवी स्कूटी से जा रही थीं और एक अज्ञात डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी। इसी आधार पर सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज किया गया था। लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, पुलिस को घटना के कुछ पहलुओं पर संदेह होने लगा। जिस डीसीएम को हादसे के लिए जिम्मेदार बताया गया था, उसकी गतिविधियों की जांच की गई। पुलिस को ऐसे साक्ष्य मिले, जिनसे कथित टक्कर की कहानी कमजोर पड़ने लगी। इसके बाद जांचकर्ताओं ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की। मोबाइल फोन की लोकेशन और कॉल डिटेल रिकॉर्ड भी जांच के दायरे में लाए गए। धीरे-धीरे पुलिस का ध्यान सीमा के परिवार और उसके करीबी लोगों की ओर गया। पुलिस जांच के अनुसार, सीमा देवी का परिवार जमीन को लेकर विवाद में उलझा हुआ था। पिता की मृत्यु के बाद परिवार की कृषि भूमि का बंटवारा हुआ था। बाद में सीमा की मां ने अपने हिस्से की करीब एक बीघा जमीन कथित तौर पर गिफ्ट डीड के माध्यम से बेटी



सीमा के नाम कर दी थी। पुलिस का आरोप है कि श्यामजी चाहता था कि मां के हिस्से में आई जमीन सीमा उसके नाम कर दे। लेकिन सीमा इसके लिए तैयार नहीं थी। इसी दौरान सीमा की शादी भी तय हो गई थी। शादी तय होने के बाद उसने जमीन अपने भाई को देने से कथित तौर पर साफ इनकार कर दिया। जांच में सामने आई कहानी के मुताबिक, घटना वाले दिन सुबह भी सीमा और श्यामजी के बीच जमीन को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद सीमा नाराज होकर पुलिस से शिकायत करने के लिए स्कूटी से घर से निकल गई। आरोप है कि घर से करीब एक किलोमीटर दूर श्यामजी ने उसे रोक लिया। दोनों के बीच दोबारा बहस हुई। पुलिस के अनुसार, विवाद बढ़ने पर आरोपी ने ईंट और डंडे से सीमा के सिर पर हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद श्यामजी ने डायल 112 पर फोन किया और दावा किया कि किसी अज्ञात डीसीएम ने सीमा की स्कूटी में टक्कर मार दी है। इस सूचना के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। शुरुआती जांच में मामला सड़क दुर्घटना जैसा ही दिखाई दिया। लेकिन जांच अधिकारियों ने जब घटनास्थल से जुड़े तथ्यों को अलग-अलग स्रोतों से मिलाना शुरू किया तो कई सवाल खड़े होने लगे। सबसे बड़ा सवाल उस डीसीएम को लेकर था, जिस पर हादसे की जिम्मेदारी डाली गई थी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। जिस डीसीएम पर टक्कर मारने का आरोप लगाया गया था, उसकी गतिविधियों को ट्रैक किया गया। जांच के दौरान संबंधित चालक से पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार, चालक ने ऐसे साक्ष्य उपलब्ध कराए, जिनसे पता चला कि घटना के समय डीसीएम फतेहपुर में था। यह जानकारी पुलिस के लिए बेहद महत्वपूर्ण थी। यदि डीसीएम घटना के समय उस स्थान पर मौजूद ही नहीं था तो सीमा की मौत को सड़क हादसा बताने वाली कहानी पर सवाल उठना स्वाभाविक था। इसके बाद पुलिस ने हादसे की जांच से आगे बढ़कर संभावित हत्या के एंगल पर काम करना शुरू किया।

# प्राथमिक विद्यालय की व्यवस्थाओं पर उठे सवाल, प्रधानाध्यापक की मनमानी के आरोप

### -रसोईघर में ताला लगे रहने से बच्चों को समय से भोजन न मिलने का भी ग्रामीणों ने लगाया आरोप, जांच की मांग



(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** विकास खंड रामपुरा की ग्राम पंचायत राठौरनपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय की व्यवस्थाओं को लेकर ग्राम प्रधान, ग्रामीणों और बच्चों के अभिभावकों ने गंभीर शिकायतें उठाई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक के आने-जाने का कोई निर्धारित समय दिखाई नहीं देता और वह कथित रूप से अपनी मनमर्जी के अनुसार विद्यालय पहुंचते हैं। इससे विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होने की बात कही जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से सरकारी विद्यालयों में तमाम व्यवस्थाएं की गई हैं, लेकिन यदि शिक्षक समय से विद्यालय नहीं पहुंचते हैं तो इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ता है। अभिभावकों ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

**रसोईघर में ताला लगे रहने का आरोप**

ग्रामीणों ने विद्यालय की रसोई व्यवस्था को लेकर भी शिकायत की है। उनका आरोप है कि कई बार रसोईघर में ताला लगा रहता है, जिसके चलते बच्चों को समय से मध्यान्ह भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चे सामान्य ग्रामीण परिवारों से आते हैं और उनके लिए विद्यालय की पढ़ाई के साथ-साथ भोजन की व्यवस्था भी महत्वपूर्ण है। मामले को लेकर ग्राम प्रधान के साथ ग्रामीणों और बच्चों के अभिभावकों ने शासन-प्रशासन से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं तो संबंधित जिम्मेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि विद्यालय में अनुशासन, नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण कायम हो सके।ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से विद्यालय का निरीक्षण कराने, प्रधानाध्यापक की उपस्थिति की जांच करने तथा मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकार सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर सुधारने और बच्चों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दे रही है, ऐसे में किसी कर्मचारी या शिक्षक की लापरवाही से शासन की मंशा प्रभावित नहीं होनी चाहिए।अब देखना यह है कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी विद्यालय की व्यवस्थाओं की जांच कर क्या कार्रवाई करते हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते हुए बच्चों के हित में आवश्यक कदम उठाएगा और विद्यालय में नियमित उपस्थिति व सुचारु शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।

# कासिमपुर गौशाला की व्यवस्थाओं पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

### -एसडीएम को शिकायती पत्र देकर उठाई जांच की मांग



(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** ग्राम पंचायत कासिमपुर में संचालित गौशाला की व्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी माधौगढ़ को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने गौशाला में कथित अनियमितताओं, गोवंशों की बदहाल स्थिति तथा शिकायतकर्ताओं को धमकाने के आरोप लगाए हैं।

शिकायती पत्र में ग्रामीणों का आरोप है कि गौशाला में गोवंशों के लिए पर्याप्त चारा-पानी, साफ-सफाई, छाया एवं उपचार की समुचित व्यवस्था नहीं है। कई गोवंश कमजोर एवं अस्वस्थ अवस्था में बताए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गोवंशों की देखभाल के लिए शासन से धनराशि उपलब्ध कराए जाने के बावजूद गौशाला की स्थिति संतोषजनक नहीं है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि गौशाला की अव्यवस्थाओं की शिकायत करने अथवा वास्तविक स्थिति अधिकारियों के संज्ञान में लाने वाले लोगों को ग्राम प्रधान द्वारा धमकाया जाता है। आरोप है कि बाल्मीकि समाज की महिलाओं को भी कथित रूप से डराया-धमकाया गया तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। शिकायत में एक गाय की मृत्यु होने का भी उल्लेख करते हुए आरोप लगाया गया है कि मृत गोवंश के निस्तारण की प्रक्रिया नियमानुसार नहीं अपनाई गई। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों के निरीक्षण की जानकारी मिलने पर ही गौशाला की व्यवस्थाओं में अस्थायी सुधार किया जाता है, जबकि सामान्य दिनों में स्थिति फिर खराब हो जाती है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से गौशाला का औचक एवं निष्पक्ष निरीक्षण कराकर गोवंशों की वास्तविक संख्या, चारा-पानी, दवा, साफ सफाई, उपचार, मृत गोवंशों के निस्तारण तथा गौशाला पर खर्च की गई सरकारी धनराशि से संबंधित अभिलेखों की जांच कराने की मांग की है। साथ ही शिकायतकर्ताओं को धमकाने के आरोपों की भी जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीणों ने कहा कि गौशाला केवल एक सरकारी व्यवस्था नहीं, बल्कि बेजुबान गोवंशों की सुरक्षा और देखभाल से जुड़ा महत्वपूर्ण मामला है। इसलिए प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर कम प्रगति वाली योजनाओं में तत्काल सुधार लाएं अधिकारी–जिलाधिकारी

### लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर निस्तारण, पोर्टल पर शत-प्रतिशत डाटा फीडिंग और पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध लाभ पहुंचाने के निर्देश

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के साथ विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं में प्राप्त अंकों, ग्रेडिंग तथा प्रदेश स्तर पर जनपद की रैंकिंग का विभागवार अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग एवं ग्रेडिंग योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागीय कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण संकेतक है। जिन योजनाओं में कम प्रगति पाई गई है अथवा अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं, उनके अधिकारी विशेष ध्यान देते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। योजनाओं की प्रगति में आ रही कमियों को चिन्हित कर उनके निराकरण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर परिणामपरक ढंग से कार्य किया जाए। बैठक में जननी सुरक्षा योजना, फैमिली आईडी, 15वां वित्त आयोग, 5वां राज्य वित्त आयोग, डे-एनआरएलएम, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की प्रगति की विशेष रूप से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना अधिकारियों की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। किसी भी पात्र लाभार्थी को योजना के लाभ से वंचित न रखा जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर निस्तारण कराने, पोर्टल पर डाटा की शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध फीडिंग, पात्र लाभार्थियों का सत्यापन तथा योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगली समीक्षा में कम प्रगति वाली योजनाओं में स्पष्ट सुधार दिखाई देना चाहिए। शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में लापरवाही अथवा अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग को और बेहतर बनाने तथा अधिक से अधिक योजनाओं में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी एवं परिणामपरक कार्ययोजना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एच एन प्रसाद, जिला विकास अधिकारी प्रशांत पाण्डेय, डीएसटीओ नीरज चौधरी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# थार की टक्कर से भाई-बहन गंभीर घायल, कानपुर रीजेंसी रेफर

### तेज रफ्तार बगैर नंबर की थार ने बाइक में मारी टक्कर, ग्रामीणों ने चालक समेत वाहन पकड़ा

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** उरई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुकरगांव के पास बुधवार को जालौन की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बगैर नंबर की थार गाड़ी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में कानपुर रीजेंसी रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली जालौन क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी योगेश वर्मा (18) पुत्र मनोज कुमार वर्मा और उसकी बहन हिमांशी (16) बाइक से उरई स्थित कॉलेज में पढ़ाई करने आ रहे थे। इसी दौरान कुकरगांव के पास जालौन की ओर से तेज गति से आ रही बगैर नंबर की थार गाड़ी के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों भाई-बहन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने थार गाड़ी और उसके चालक को पकड़ लिया तथा डायल-112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन व चालक को कब्जे में ले लिया। गंभीर रूप से घायल योगेश और हिमांशी को उपचार के लिए कानपुर रीजेंसी रेफर किया गया है। परिजनों के अनुसार दोनों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# यमुना का जलस्तर बढ़ा, कालपी में प्रशासन अलर्ट, 13 गांवों पर विशेष निगरानी

(यंग भारत न्यूज)



उरई (जालौन)। यमुना नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए कालपी क्षेत्र में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए राहत एवं बचाव की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, जबकि संभावित रूप से प्रभावित 13 गांवों को विशेष निगरानी में रखा गया है। एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने बताया कि फिलहाल यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। हालांकि जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने संभावित बाढ़ की स्थिति में ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, राहत सामग्री उपलब्ध कराने और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल बचाव अभियान चलाने की तैयारियां की हैं। हृष्ठक्रत्र और स्थक्रत्र की टीमें भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखी गई हैं। स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया जा रहा है। यमुना के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नदी किनारे बसे 13 गांवों में जलस्तर, आवागमन और ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर लगातार जानकारी जुटाई जा रही है। प्रशासन का प्रयास है कि यदि नदी का जलस्तर अचानक बढ़ता है तो समय रहते प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और केवल प्रशासन की ओर से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन के निर्देशों का पालन करने तथा तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना देने को कहा गया है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि फिलहाल कालपी क्षेत्र में स्थिति सामान्य है और यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है। इसके बावजूद प्रशासन संभावित बाढ़ को लेकर कोई लापरवाही नहीं बरतना चाहता। जलस्तर की लगातार निगरानी के साथ राहत एवं बचाव से जुड़ी व्यवस्थाओं को सक्रिय रखा गया है।

**जलस्तर में बदलाव पर टिकी निगाहें –** यमुना नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के बीच प्रशासन की तैयारियों पर लगातार नजर बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी तरह की परेशानी सामने आने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि जरूरत पड़ने पर राहत एवं बचाव अभियान को तुरंत सक्रिय किया जाएगा। फिलहाल कालपी क्षेत्र में स्थिति सामान्य है, लेकिन बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन और ग्रामीण दोनों सतर्क हैं।

# बारिश में कीचड़ में तब्दील चमारी की सड़क, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** कदौरा विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत चमारी में बारिश के बाद सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। सुनील यादव के घर से मंखूई मंदिर तक जाने वाली सड़क पर जगह-जगह कीचड़ और जलभराव होने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गई है। सबसे अधिक परेशानी पैदल आने-जाने वाले ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को हो रही है। बच्चों को स्कूल जाने के दौरान कीचड़ भरी सड़क से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे उनके कपड़े खराब होने के साथ ही फिसलकर गिरने का भी खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग गांव के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन बारिश के दिनों में इसकी स्थिति काफी खराब हो जाती है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों और ग्राम पंचायत से सड़क की तत्काल मरम्मत कराकर आवागमन सुचारु कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द सड़क को सही नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराकर सड़क निर्माण अथवा मरम्मत की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है।

# कृषि यंत्रों की ई-लाटरी 21 अगस्त को, किसान विकास भवन में रहें उपस्थित

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** उप कृषि निदेशक एस.के. उत्तम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 10 हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों की ई-लाटरी प्रक्रिया 21 अगस्त, शुक्रवार को कराई जाएगी।

उन्होंने बताया कि कृषि ड्रोन, रोटावेटर, स्ट्रारीपर, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, सुपर सीडर, श्रब मास्टर, पैडी स्ट्रॉ चौपर/मल्चर, रोटरी स्लेशर, हाइड्रोलिक रिवर्सेबल एमबी प्लाऊ, बेलर, रेक, रीपर कम बाइंडर, कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक आदि की ई-लाटरी 21 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे रानी लक्ष्मीबाई सभागार, विकास भवन उरई में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जिन कृषकों ने कृषि विभाग की संचालित योजनाओं के माध्यम से कृषि यंत्र, कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक आदि की बुकिंग कराई है और उनकी बुकिंग ई-लाटरी प्रक्रिया के अंतर्गत है, वे सभी किसान निर्धारित तिथि एवं समय पर विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में उपस्थित होकर ई-लाटरी प्रक्रिया में भाग लें।

# प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।**सहायक निदेशक मत्स्य गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 से संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत जनपद जालौन में विभिन्न परियोजनाओं हेतु लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक पात्र लाभार्थी विभागीय पोर्टल http.//fisheries.up.gov.in पर दिनांक 14 अगस्त 2026 से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 24 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत उपलब्ध लक्ष्य के सापेक्ष पात्र लाभार्थियों को विभिन्न परियोजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इनमें खारे जल में तालाब निर्माण एवं निवेश (सामान्य, महिला एवं अनुसूचित जाति), मध्याकार आर.ए.एस. यूनिट (सामान्य वर्ग), रियरिंग यूनिट निर्माण (महिला एवं अनुसूचित जाति), बैकवर्ड आर.ए.एस. यूनिट (महिला वर्ग), जलाशयों में मत्स्य अंगुलिका संचय (सामान्य, महिला एवं अनुसूचित जाति) तथा पारंपरिक मछुआरों के परिवारों के लिए आजीविका एवं पोषण संबंधी सहायता जैसी परियोजनाएं सम्मिलित हैं। सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा बताया गया कि इच्छुक आवेदक निर्धारित पात्रता एवं शर्तों के अनुसार विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, पात्रता, आवेदन की प्रक्रिया तथा आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक अभिलेखों की विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है।उन्होंने जनपद के पात्र मत्स्य पालकों, मछुआरों, महिलाओं, अनुसूचित जाति एवं पारंपरिक मछुआरा परिवारों से अपील की कि वे निर्धारित अंतिम तिथि 24 अगस्त 2026 से पूर्व ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें। योजना से संबंधित अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक मार्गदर्शन के लिए कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, जालौन में संपर्क किया जा सकता है।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में जुटे आब्जर्वर मुरारीलाल मीणा

(यंग भारत न्यूज)




- 27 अगस्त तक जालौन में करेंगे मंथन
- सितंबर के पहले सप्ताह में जिला व शहर कांग्रेस अध्यक्षों में बदलाव की अटकलें
- 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर हाईकमान की नजर

**उरई (जालौन)।** आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस हाईकमान ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश के सभी जनपदों में कांग्रेस संगठन की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए पार्टी ने आब्जर्वरों की नियुक्ति की है। इसी क्रम में राजस्थान के सांसद एवं कांग्रेस के आब्जर्वर मुरारीलाल मीणा को जनपद जालौन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सांसद मुरारीलाल मीणा 17 अगस्त से जनपद में डेरा जमाए हुए हैं और 27 अगस्त तक यहां रहकर जिला, ब्लाक एवं शहर स्तर पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करेंगे। इन बैठकों के माध्यम से वह संगठन की जमीनी स्थिति, सक्रियता और आगामी चुनाव को लेकर तैयारियों का जायजा लेंगे। पार्टी सूत्रों की मानें तो आब्जर्वर की रिपोर्ट में यदि जिले में कांग्रेस संगठन कमजोर पाया गया तो उसे नए सिरे से मजबूत करने की कवायद शुरू हो सकती है। इसके तहत सितंबर माह के पहले सप्ताह में जिला एवं शहर कांग्रेस अध्यक्षों में बदलाव किए जाने की भी अटकलें तेज हो गई हैं। कांग्रेस हाईकमान का उद्देश्य जनपद में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना और कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मजबूत आधार तैयार करना है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि मजबूत संगठन के दम पर ही चुनाव में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए आब्जर्वर द्वारा लगातार बैठकों और संगठनात्मक समीक्षा का दौर चलाया जा रहा है।

# विद्यालयों से लेकर सड़कों, पेयजल और विद्युत व्यवस्था तक जिलाधिकारी ने कसी अधिकारियों की नकेल

**-ऑपरेशन कायाकल्प के 19 पैरामीटर, प्रोजेक्ट अलंकार और आवासीय विद्यालयों का होगा स्थलीय सत्यापन**

**-अपूर्ण व मानकविहीन कार्यों पर होगी कार्रवाई, पात्र व्यक्ति को योजनाओं के लाभ से वंचित न रखने के निर्देश**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से जनपद में संचालित विकास परियोजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की गहन समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की गुणवत्ता, उपयोगिता और समयबद्धता में किसी भी स्तर पर बर्दास्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक योजना का लाभ धरातल पर दिखाई देना चाहिए और जहां भी कमी मिले, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में कराए गए तथा वर्तमान में चल रहे कार्यों का विद्यालयवार स्थलीय सत्यापन कराने के निर्देश दिए। टायलीकरण, बालक-बालिका शौचालय, विद्युत व्यवस्था, भवन मरम्मत सहित निर्धारित 19 पैरामीटर के सभी कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता, कार्य की मात्रा तथा तकनीकी मानकों की जांच कराई जाएगी। अपूर्ण एवं प्रचलित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा कराने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में कराए जा रहे कार्य केवल कागजों पर पूर्ण न दिखें, बल्कि उनका लाभ विद्यार्थियों को वास्तविक रूप से मिलना चाहिए। इसके अनुश्रवण एवं गुणवत्ता परीक्षण के लिए मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया।प्रोजेक्ट अलंकार के तहत विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था, शौचालय, मल्टीपरपज हॉल, प्रयोगशाला, साइकिल स्टैंड, पुस्तकालय भवन सहित अन्य अवस्थापना कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कराने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य स्वीकृत आगणन, तकनीकी विशिष्टताओं और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही हों तथा विद्यालयों में अनुमोदित सुविधाएं वास्तविक रूप से क्रियाशील मिलें। गुणवत्ताविहीन अथवा मानकविरुद्ध कार्य मिलने पर संबंधित कार्यदायी संस्था एवं अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। निपुण भारत मिशन की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के अधिगम स्तर को और बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विद्यालयों में नियमित शिक्षण, अभ्यास, पुनरावृत्ति एवं सतत आकलन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। निपुण आकलन में कमजोर पाए जाने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष अभ्यास एवं उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था कर उनकी सीखने की क्षमता में सुधार लाने को कहा। साथ ही विद्यालयों में शैक्षिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित कर विद्यार्थियों को अध्ययन के प्रति प्रेरित करने तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की उपलब्धियों का अभिभावकों एवं जनसामान्य के बीच प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों, आश्रम पद्धति विद्यालय बबीना, जवाहर नवोदय विद्यालय, डायट पिण्डारी एवं समाज कल्याण विभाग के छात्रावासों सहित सभी आवासीय शिक्षण संस्थानों में भवनों एवं आधारभूत सुविधाओं का तकनीकी सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। संयुक्त तकनीकी टीम द्वारा भवन की संरचनात्मक स्थिति, छत एवं दीवारों, विद्युत वायरिंग, पेयजल, शौचालय, जल निकासी, अग्नि सुरक्षा तथा छात्रावास की अन्य व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी किसी भी कमी को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। किसी भवन में सुरक्षा संबंधी गंभीर कमी अथवा जोखिम मिलने पर तत्काल सुरक्षात्मक उपाय करते हुए निर्धारित समयसीमा में उसका निराकरण कराया जाए। उपजिलाधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के विद्यालयों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जहां कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है अथवा कार्य अधूरा है, वहां उपलब्ध संसाधनों से प्राथमिकता पर कार्य कराया जाए। आवश्यकता पड़ने पर ष्टस्क्रएवं अन्य स्थानीय संसाधनों का भी उपयोग किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को किसी भी दशा में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रखा जाना चाहिए। दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग एवं अन्य पात्र वंचित व्यक्तियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागवार पात्र व्यक्तियों का चिन्हांकन एवं सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि छूटे हुए पात्र व्यक्तियों के आवेदन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया प्राथमिकता से पूरी कर उन्हें अनुमन्य लाभ उपलब्ध कराया जाए। इस कार्य के प्रभावी अनुश्रवण के लिए मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया। वर्षा ऋतु में क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त हुई सड़कों पर जिलाधिकारी ने विशेष गंभीरता दिखाई। लोक निर्माण विभाग, मंडी समिति, वन विभाग, बेतवा नहर प्रखंड सहित अन्य विभागों के अधीन आने वाली सड़कों का तत्काल चिन्हांकन एवं स्थलीय निरीक्षण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि विद्यालय, अस्पताल, बाजार, ग्राम और तहसील मुख्यालयों को जोड़ने वाली सड़कों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर आवागमन योग्य बनाया जाए। वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त सड़कों का तकनीकी सर्वेक्षण कर पुनर्निर्माण एवं विशेष मरम्मत के प्रस्ताव तैयार कर समयबद्ध कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने खराब एवं क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों, जर्जर विद्युत लाइनों तथा झुके अथवा क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों का अभियान चलाकर चिन्हांकन कराने को कहा। विद्यालयों, बाजारों, आबादी क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विद्युत सुरक्षा से जुड़ी कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के निर्देश दिए गए। खराब ट्रांसफार्मर बदलने, जर्जर लाइनों को दुरुस्त करने तथा क्षतिग्रस्त पोलों को ठीक कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने को कहा गया। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सुचारु पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए खराब हैंडपंपों का तत्काल चिन्हांकन एवं मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति/हर घर जल योजनाओं में जहां पेयजल आपूर्ति बाधित है, वहां तत्काल समस्या दूर कराने को कहा गया। नलकूपों के विद्युत कनेक्शन, खराब मोटर, पाइपलाइन एवं पंपिंग व्यवस्था की कमियों को प्राथमिकता से दूर करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि पेयजल योजनाओं की सफलता कागजों में पूर्णता से नहीं, बल्कि आमजन को नियमित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होने से तय होगी।जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर नियमित स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता, मात्रा, उपयोगिता, भौतिक प्रगति तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन की बारीकी से जांच की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अनियमितता, गुणवत्ताविहीन निर्माण, कार्य में अनावश्यक देरी अथवा शासकीय धन के दुरुपयोग की स्थिति पाए जाने पर संबंधित अधिकारी अथवा कार्यदायी संस्था का उत्तरदायित्व निर्धारित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में योजनाओं एवं विकास कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए कार्यवार प्रगति एवं निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# तिरंगा यात्रा निकाल सफाई कर्मचारियों ने उठाई पुरानी पेंशन बहाली की मांग



**- एनपीएस को बताया कर्मचारी विरोधी, एडीएम और डीपीआरओ को सौंपा ज्ञापन**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई, जालौन।** पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने गुरुवार को शहर में तिरंगा यात्रा निकाली। एनआईसी कार्यालय से शुरू हुई यात्रा जिला परिषद होते हुए अंबेडकर चौराहे पहुंची। हाथों में तिरंगा लेकर सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर नारेबाजी की।

अंबेडकर चौराहे से कर्मचारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपर जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसके बाद जिला पंचायत राज अधिकारी को भी मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया गया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2004 के बाद लागू नई पेंशन व्यवस्था कर्मचारियों के हित में नहीं है। इससे कर्मचारियों के भविष्य और सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में सफाई कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद उनके भविष्य की सुरक्षा को लेकर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि बुढ़ापे की आर्थिक सुरक्षा के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल किया जाना जरूरी है। उन्होंने सरकार से एनपीएस को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की। तिरंगा यात्रा में जिलाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, जिला मंत्री संतराम, जिला कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, जिला संगठन मंत्री ह्रदेश कुमार, जिला संप्रेक्षक प्रदीप कुमार, कार्यवाहक अध्यक्ष किशन बाबू, कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह,दिनेश कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष शशिप्रभा, महिला मोर्चा मंत्री चंद्रकांती, महिला मोर्चा उपमंत्री सुमन वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाकांत, उपमंत्री रामजी, जिला मीडिया प्रभारी चरण सिंह, जिला प्रवक्ता त्रिभुवन सिंह, जिला प्रभारी रणवीर सिंह, संयुक्त मंत्री राजू वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष पंकज कुमार और व्यवस्थापक कृष्ण कुमार सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

# हिंदू छात्रों के कलावा काटने और तिलक मिटाने का आरोप, जांच की मांग

**- शिक्षक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप**

**- मुख्यमंत्री को संबोधित शिकायती पत्र, प्रशासन को सौंपा,निष्पक्ष जांच समिति गठित करने की मांग**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** कदौरा विकासखंड क्षेत्र के बरदौली स्थित श्री सद्गुरु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक पर हिंदू विद्यार्थियों के हाथ में बंधे कलावा काटने तथा माथे पर लगे तिलक/टीका मिटाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले को लेकर हिंदू उत्थान सेवा समिति के प्रांत महामंत्री आशीष सेंगर ने मुख्यमंत्री को संबोधित शिकायती पत्र जिलाधिकारी जालौन के माध्यम से भेजकर उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि विद्यालय में शिक्षक एजाज खान द्वारा हिंदू विद्यार्थियों के हाथ में बंधे कलावा कटवाने तथा उनके माथे पर लगे तिलक/टीका मिटाने का कार्य किया जाता है। शिकायतकर्ता के अनुसार यह आचरण लंबे समय से जारी है। पत्र में कहा गया है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह महज अनुशासन का मामला नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की धार्मिक स्वतंत्रता, गरिमा और संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच समिति गठित करने की मांग की है। साथ ही विद्यालय के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के स्वतंत्र बयान दर्ज कराकर पूरे मामले की जांच कराने का अनुरोध किया गया है। पत्र में यह भी मांग की गई है कि जांच में आरोपों की सत्यता सामने आने पर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक एवं विभागीय कार्रवाई की जाए। शिकायत के साथ समिति के पदाधिकारियों एवं अन्य लोगों के हस्ताक्षर भी दर्ज हैं।

# 26 अगस्त को निकलेगा जुलूस-ए-मोहम्मदी, रातभर होगा जलसा

**संस्था अंजुमन फिदायाने रसूल के प्रतिनिधियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के यौम-ए-पैदाइश ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर निकलने वाले पारंपरिक जुलूस-ए-मोहम्मदी और जलसे की तैयारियों को लेकर संस्था अंजुमन फिदायाने रसूल (रजि.) के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को जिलाधिकारी को सूचनात्मक पत्र सौंपा।

संस्था के जनरल सेक्रेटरी एवं जुलूस-ए-मोहम्मदी के संयोजक ने बताया कि आगामी 26 अगस्त बुधवार को दोपहर एक बजे मोहल्ला गणेशगंज स्थित कादरी चौराहा, ख्वाजा गरीब नवाज मार्ग, बजरिया रोड से जुलूस का शुभारंभ होगा। जुलूस अपने कदीमी मार्ग से होते हुए सलीम साइकिल वाली गली, मैन रोड, पुरानी सब्जी मंडी, घंटाघर, शहीद भगत सिंह चौराहा और दलगंजन चौराहा पहुंचेगा। इसके बाद पुनः कादरी चौराहा पहुंचकर जुलूस का समापन होगा। इसके बाद इसी स्थान पर रात आठ बजे से तड़के चार बजे तक जलसा ईद मिलादुन्नबी आयोजित किया जाएगा। जलसे में बाहर से आने वाले मौलाना एवं शायर पैगंबर-ए-इस्लाम की सीरत और उनके जीवन संदेश पर तकरीर व शायरी पेश करेंगे। संस्था की ओर से स्पष्ट किया गया है कि जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वहीं जिलाधिकारी से जुलूस और जलसे के दौरान पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, पानी के टैंकर, डॉक्टर व स्टाफ सहित एंबुलेंस तथा फायर ब्रिगेड की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की गई है।

# यूपीआईटीएस-2026 में भाग ले सकते हैं जालौन के उद्यमी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र ने जनपद के उद्यमियों को जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 से 29 सितंबर 2026 तक इंडिया एक्सपो सेंटर मार्ट, ग्रेटर नोएडा में यूपीआईटीएस-2026 का आयोजन किया जा रहा है।

इस आयोजन में प्रदेश के निर्यातकों, ओडीओपी उद्यमियों, एसएसएमई, महिला एवं युवा उद्यमियों को अपने उत्पादों के साथ प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाएगा। जनपद जालौन के ऐसे सभी उद्यमी, जो यूपीआईटीएस-2026 मेले में अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं व्यवसायिक गतिविधियों के लिए भाग लेना चाहते हैं, वे संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उद्यमियों को मेले में प्रतिभाग करने से संबंधित आवश्यक जानकारी कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, जालौन, स्थान उरई से प्राप्त की जा सकती है।

# यमुना में अवैध मत्स्य आखेट पर प्रशासन की सख्ती, एसडीएम ने चलाया अभियान

( यंग भारत न्यूज )

- **मत्स्य प्रजनन काल में शिकार रोकने को राजस्व टीम के साथ यमुना क्षेत्र का निरीक्षण**
- **ग्रामीणों को मछलियों के प्रजनन काल में आखेट से होने वाले नुकसान बताए**
- **अवैध शिकार करते पकड़े जाने पर जुर्माने के साथ एफआईआर की चेतावनी**

कालपी। यमुना नदी क्षेत्र में मत्स्य प्रजनन काल के दौरान अवैध मत्स्य आखेट पर प्रभावी रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सघन अभियान शुरू किया है। उपजिलाधिकारी कालपी विनय कुमार मौर्य के नेतृत्व में नायब तहसीलदारों एवं राजस्व टीम ने यमुना नदी के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान नदी किनारे की गतिविधियों पर नजर रखी गई और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लगातार निगरानी के निर्देश दिए गए।

अभियान का मुख्य उद्देश्य मत्स्य प्रजनन काल में मछलियों के अवैध शिकार पर रोक लगाना तथा नदी में मत्स्य संपदा का संरक्षण करना है। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम ने ग्रामीणों और स्थानीय लोगों से संवाद किया। उन्हें बताया गया कि मत्स्य प्रजनन काल में मछलियों का शिकार किए जाने से उनकी संख्या प्रभावित होती है। इससे आने वाले समय में मत्स्य संसाधनों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि प्रजनन काल में किसी भी प्रकार का मत्स्य आखेट न करें और नदी में अवैध रूप से मछली पकड़ने की गतिविधियों से पूरी तरह दूर रहें। उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यमुना नदी क्षेत्र में नियमित रूप से निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध मत्स्य आखेट की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी व्यक्ति द्वारा नियमों का उल्लंघन कर प्रजनन काल में मछलियों का शिकार करते पाए जाने पर उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध मत्स्य आखेट करने वाले दोषियों पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यकतानुसार एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि मत्स्य प्रजनन काल में नदी क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यमुना क्षेत्र में अवैध मत्स्य आखेट पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए नियमित निगरानी और सघन अभियान आगे भी जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने ग्रामीणों से भी अभियान में सहयोग करने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को नदी क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने की जानकारी मिलती है तो वह तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना दे, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके। प्रशासन की इस पहल से यमुना की मत्स्य संपदा के संरक्षण और अवैध आखेट पर नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है।

# रोजगार सेवक ने तीन लोगों पर धमकी देने का लगाया आरोप

**एसपी को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग, ऑडियो रिकॉर्डिंग होने का दावा**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन।** रेढ़र थाना क्षेत्र के रूरा सिरसा गांव निवासी रोजगार सेवक देवेंद्र कुमार प्रजापति ने तीन लोगों पर जान से मारने की धमकी देने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थना पत्र में देवेंद्र कुमार ने बताया कि वह वर्ष 2006 से रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत है। आरोप है कि गांव के रविंद्र उर्फ गुड्डू, राजा पुत्र कल्याण सिंह और अमित पुत्र रामबाबू सिंह उसे लगातार धमकी देते हैं और गलत कार्य कराने का दबाव बनाते हैं। पीड़ित के अनुसार चार अगस्त को रविंद्र उर्फ गुड्डू ने उरई में रास्ते में रोककर जान से मारने की धमकी दी और कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। वहीं 14 अगस्त को राजा और अमित ने मोबाइल फोन पर धमकी देते हुए हत्या करने की बात कही। पीड़ित ने जातिसूचक गालियां देने का भी आरोप लगाया है। देवेंद्र कुमार का दावा है कि कथित धमकी की ऑडियो रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है। लगातार धमकियों से परेशान रोजगार सेवक ने बताया कि वह गांव छोड़कर रहने को मजबूर है। उसने आरोपियों से जान का खतरा बताते हुए पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर रेढ़र थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# कदौरा में जुए की फड़ पर पुलिस का छापा, नौ गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन।** अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों के साथ अवैध शराब, जुआ और सट्टे की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कदौरा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने जुआ खेलते हुए नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 1 लाख 65 हजार रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते, नौ मोबाइल फोन और एक पावर बैंक बरामद किया गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

- **जुआ खेलते नौ आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े**
- **1.65 लाख रुपये नकद और ताश की गड्डी बरामद**
- **नौ मोबाइल व पावर बैंक भी पुलिस ने कब्जे में लिया**
- **जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज, आगे की कार्रवाई जारी**

अपर पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. ईशान सोनी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ ही अवैध शराब, जुआ और सट्टे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत प्रभारी थाना कदौरा परविंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जुआ खेल रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक कार्रवाई के दौरान 1,57,500 रुपये मालफड़ तथा 7,500 रुपये जामा तलाशी के बरामद हुए। इसके अलावा 52 अदद ताश के पत्ते, नौ मोबाइल फोन और एक पावर बैंक भी पुलिस ने कब्जे में लिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नाजिर बेग उर्फ रिंकू पुत्र अजीज बेग (35), शेखर सिंह पुत्र शिव सिंह (32), प्रशांत सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह (30), उमेश गुप्ता पुत्र सुरेश गुप्ता (35), देवेंद्र सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह (38), कुबेर शर्मा पुत्र अशोक कुमार (20), अशोक कुमार पुत्र जयराम (35), प्रत्यय शुक्ला पुत्र प्रणव प्रकाश शुक्ला (25) और अंकित पुत्र प्रवीण कुमार (28) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी जनपद हमीरपुर के कुरारा थाना क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों एवं गांवों के निवासी हैं। पुलिस ने बरामदगी और गिरफ्तारी के संबंध में थाना कदौरा में जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कदौरा समेत पुलिस टीम शामिल रही।

# दूध-पनीर के चार नमूने जांच के लिए संग्रहित

## माधौगढ़ व कालपी क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

**-कामधेनु व केशव डेयरी से दूध के नमूने लिए गए**
**-पनीर इकाई और डेयरी से भी सैंपल संग्रहित**
**-विद्यालयों में 24 नमूनों की जांच, सभी मानक के अनुरूप**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन ), 20 अगस्त।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जालौन ने जनपदवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित दूध तथा दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को विशेष अभियान चलाया। सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय डॉ. सी.आर. प्रजापति के निर्देशन में गठित दो टीमों ने माधौगढ़ और कालपी तहसील क्षेत्र में विभिन्न डेयरी एवं पनीर निर्माण इकाइयों का निरीक्षण कर कुल चार नमूने संग्रहित किए। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा तथा रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। विभागीय जानकारी के अनुसार प्रथम टीम ने तहसील माधौगढ़ के जगम्मनपुर स्थित कामधेनु डेयरी तथा केशव डेयरी का निरीक्षण किया। दोनों डेयरियों से दूध के एक-एक नमूने संग्रहित किए गए। वहीं दूसरी टीम ने तहसील कालपी के नियामतपुर स्थित जितेन्द्र सिंह की पनीर निर्माण इकाई से पनीर का एक नमूना लिया। इसके अलावा काशीराम खेड़ा स्थित अनन्त प्रताप डेयरी से मिश्रित दूध का एक नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार अभियान के दौरान कुल चार नमूने लिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार सभी नमूनों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रयोगशाला भेजा जाएगा। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी नमूने में मानक के विपरीत अथवा मिलावट की पुष्टि होती है तो संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार कटियार, कन्हैया लाल यादव, सुनील कुमार एवं महेश प्रसाद शामिल रहे। टीम ने खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की मिलावट से दूर रहने की हिदायत दी। अधिकारियों ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय डॉ. सी.आर. प्रजापति ने बताया कि जनपदवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित दूध तथा दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील की कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट न करें और निर्धारित मानकों का पालन करें।

### खाद्य सचल प्रयोगशाला से विद्यालयों में जांच

इसी क्रम में 20 अगस्त को ही खाद्य सचल प्रयोगशाला के माध्यम से जनपद के प्राथमिक विद्यालय गढ़र, प्राथमिक विद्यालय कुकरगांव तथा कन्या प्राथमिक विद्यालय गढ़र में खाद्य सुरक्षा संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, सुरक्षित खान-पान तथा खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। विभाग के अनुसार विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने में प्रयोग होने वाली खाद्य सामग्री के कुल 24 नमूनों की खाद्य सचल प्रयोगशाला के माध्यम से जांच की गई। जांच के दौरान सभी 24 नमूने मानक के अनुरूप पाए गए। इससे विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन के लिए इस्तेमाल की जा रही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर विभागीय जांच में संतोषजनक स्थिति सामने आई। डॉ. प्रजापति ने कहा कि खाद्य सुरक्षा विभाग का उद्देश्य जनपदवासियों को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराना है। इसके लिए निरीक्षण, नमूना संग्रह और जागरूकता अभियान लगातार जारी रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि खाद्य कारोबारकर्ताओं को भी खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना होगा।

# पैगम्बरे आज़म की आमद पर जुलूस-ए-मुहम्मदी शानो शौकत से निकालें और अदब का खास् ख्याल रखें

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन 20 अगस्त।** इस्लामी साल का ये तीसरा महीना है जिसे रबी-उल-अव्वल के नाम से जाना जाता है, इस महीने का चाँद नज़र आते ही खूब रौनके बढ़ जाती है। इस बार 26 अगस्त बरोज़ बुध को पिछली रिवायात के मुताबिक बड़े ही शानो शौकत के साथ में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला जाएगा आप लोगों से गुज़ारिश है कि जुलूस में बड़े ही अदब और अखलाक के साथ में सलातो सलाम , नात पाक पड़ते हुए चलें दारुल उलूम गौसिया मजीदिया के नाज़िमें आला अलहाज हाफिज इरशाद अशरफी ने बताया कि इस्लाम के पैगम्बर आखिरी नबी की आमद( पैदाइश) जब इस दुनिया मैं हुई नही थी तब दुनियादार लोग हराम नाजायज कामों में अपनी जिंदगी गुज़राते थे। और जब अल्लाह ने अपने फ़ज़लो करम से इस दुनिया मे अपने महबूब नबी-ए-करीम सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम को पैदा फरमाया तो हर तरफ इंसानियत और अमन का परचम बुलंद होने लगा लोगों के बीच से नाजायज़ व हराम काम दूर हुए और दीन की राह में लोग चलने लगे दारुल उलूम गौसिया मजीदिया के प्रिंसिपल मुफ़्ती तारिक़ अख्तर ने बताया कि जब हमारे आका हुज़ूर पैगंबर-ए-आजम की इस दुनिया में आमद( जन्म हुआ) तो वह वक्त सुबह सादिक यानी भोर सवेरा था। अल्लाह के हुक़्म से मासूम फरिश्ते महबूबे खुदा की आमद पर दुरूद व सलाम पेश कर रहे थे तो उसी नबी की आमद की खुशी पर आज भी पूरी दुनिया में मुसलमान अपने आका का मिलाद मनाते हैं हर मोहल्ले गलियों और घरों को सजाया जाता है और धूमधाम से जुलूस निकालते हैं तकिया मस्जिद के इमाम अलहाज अब्दुल मुजीब ने बताया कि हम लोग अपने आका के आने की खुशी में खूब सजावट व रोशनी और लंगर करते हैं और जो वक्त उनकी आमद का है भोर सवेरे तो उसी वक्त पर सुबह 3 बजे जुलूसे चिरांगा भी निकलता है जो जुलैहठी की बड़ी मस्जिद से उठता है और फिर वही पर फजर की नमाज के वक्त आकर समाप्त होता है सभी हज़रात से अपील है कि इस चिरांगा के जुलूस में भी शामिल हों और नमाज़ फज्र के बाद लंगर में भी शिरकत करें कारी ज़रीफ़ खान , कारी दिलशाद रज़ा , हाफिज नौशाद ने भी कहा कि इसमें खूब खुशियां मनाना चाहिए।

# लगातार तीसरे दिन रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आकर किसान की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** ।एट थाना क्षेत्र के पिरौना गांव के पास गुरुवार को रेलवे ट्रैक की चपेट में आने से 38 वर्षीय किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान पिरौना गांव निवासी रविंद्र राठौर (38) के रूप में हुई है। रविंद्र खेती-किसानी करते थे। बताया गया कि गुरुवार को वह रेलवे ट्रैक के किनारे स्थित अपने खेत में फसल देखने गए थे। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। किसान की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। रविंद्र अपने पीछे पत्नी और दो बेटों को छोड़ गए हैं। सूचना मिलते ही एट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद हादसे की परिस्थितियां पूरी तरह स्पष्ट हो सकेंगी। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# उरई में करंट लगने से 21 वर्षीय युवक की मौत, दो दिन बाद घर से मिला शव

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र की इंदा कॉलोनी में बिजली का करंट लगने से 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के करीब दो दिन बाद घर से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों को अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कांग्रेसियो ने पूर्व प्रधानमंत्री की 82 वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित याद किया

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सरोजनी नायडू पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 82 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने की जव कि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पालिकाध्यक्ष सरिता अग्रवाल उपस्थित रही।उपस्थित अतिथिओ ने राजीव गांधी के जीवन और उनके राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिकता और तकनीकी विकास की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने युवाओं को देश की ताकत बताते हुए उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि राजीव गांधी के कार्यकाल में कंप्यूटर और दूरसंचार के क्षेत्र में नई शुरुआत हुई, जिसका लाभ आज देश को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का जीवन देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए समर्पित रहा। उनके विचार और योगदान हमेशा देशवासियों को प्रेरणा देते रहेंगे।कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के आदर्शों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में राजीव गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवाओं और तकनीकी क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए दूरदर्शी सोच के साथ कार्य किया।इस मौके पर श्रीनारायण दीक्षित, नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, जिला महासचिव अनिल पटैरिया, लकी दुबे, श्रीकांत दीक्षित, जाहिद खान, छोटेलाल, मो. जाहिद, विशाल कैफी, अवधेश दुबे, सरताजुद्दीन, शहाबुद्दीन, देवेंद्र कुमार, बबलू दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोतवाली पुलिस टीम ने आधा दर्जन बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु लिया जायजा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 20 अगस्त।** प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर सदर उप निरीक्षक पुलिस बल के साथ नगर में स्थित आधा दर्जन बैंकों में चैकिंग कर संदिग्ध अवस्था में पाए गए लोगों को फटकार लगाकर घर जाने के कड़े निर्देश दिए।



गुरुवार को सुबह प्रभारी निरीक्षक इंचार्ज अतिरिक्त कानून इंस्पेक्टर अवनीश कुमार के निर्देश पर उप निरीक्षक दयाशंकर सिंह कोतवाली कार्यालय प्रधान लिपिक राम सिंह आदि पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन के समीप स्थित भारतीय स्टेट बैंक में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा बैंक के बाहर संदिग्ध अवस्था में खड़े लोगों से बातचीत कर सीधे घर जाने के निर्देश दिए साथ में उन्होंने खड़ी बाइकों के लॉक को चेक किया सभी बाइकों में लॉक बंद पाए गए फिर इसी क्रम में टरननगंज स्थित इलाहाबाद बैंक सिंडिकेट बैंक इंडियन मंडी बैंक आफ बड़ौदा बैंक कोऑपरेटिव बैंक आर्यावर्त बैंक आदि बैंकों में अलग-अलग समय में पहुंचकर पुलिस जवानों के उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया साथ में उन्होंने मौजूद शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली वहीं मौजूद ग्राहकों से बातचीत कर बैंक से सीधे घर जाने के निर्देश दिए बैंक के बाहर खड़े कई संदिग्ध लोगों से जमकर पुछताछ की साथ उन्होंने फटकार लगाकर सीधे घर जाने के निर्देश दिए साथ में उन्होंने कहा कि जिन ग्राहकों के बैंक से संबंधित कार्य हो वह बैंक के अंदर जाकर शाखा प्रबंधक से मिलकर अपने कार्य को करवाए तथा बैंक से वापस सीधे घर जाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि बैंक के बाहर यदि कोई भी व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़े मिला ऐसे लोगों को हिरासत में लेकर कानून का शिकंजा कसते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# गौसेवा आयोग अध्यक्ष ने ठाकुर जी के किए दर्शन, गल्ला व्यापार संघ ने किया सम्मान

## व्यापारियों ने मंदिर में साधु-संतों के लिए अतिथि गृह बनवाने की उठाई मांग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,** गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता गुरुवार को राधा कृष्णा मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने ठाकुर जी के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इसके बाद गल्ला व्यापार संघ की ओर से उनका स्वागत करते हुए भगवान की पट्टिका एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

मंदिर परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में गल्ला व्यापार संघ के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने गौसेवा आयोग के अध्यक्ष का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गौसेवा और गौवंश संरक्षण समाज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जनसहभागिता के माध्यम से गौसेवा के कार्यों को और प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने गौसेवा आयोग की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।उन्होंने लोगों से गौवंश की सेवा एवं संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने मंदिर में बाहर से आने वाले साधु-संतों के ठहरने के लिए अतिथि गृह न होने की समस्या भी उठाई। उन्होंने कहा कि राधा कृष्णा मंदिर में धार्मिक आयोजनों और दर्शन के लिए बाहर से साधु-संत आते रहते हैं, लेकिन उनके विश्राम की समुचित व्यवस्था नहीं है। गल्ला व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने सरकार से मंदिर परिसर में जल्द से जल्द अतिथि गृह का निर्माण कराए जाने की मांग की। इस अवसर पर अध्यक्ष रवि इटौंदिया, कोषाध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता,पम्मी सेठ,मंदिर के पुजारी राहुल महाराज संजय रावत,अनूप लखौटिया मंत्री अनूप महेश्वरी,पूर्व अध्यक्ष श्रवण कुमार,गौरव द्विवेदी, महावीर शरण, गौरव पटेल,सौरभ गुप्ता, अतुल माधौगढ़, कमलेश गुप्ता, संतोष गुप्ता, उदय लोहारी, सुनील लोहिया नामित सभासद,संजू माधौगढ़,अरविंद्र सोनी, राजेंद्र राजपूत, आशीष सेठ सहित गल्ला व्यापार संघ के पदाधिकारी, व्यापारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# लड़कियों से छींटाकशी करने वाले तीन मनचलों को पकड़ कर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

( यंग भारत न्यूज )

कालपी -उरई ।सार्वजनिक स्थान पर राह चलती लड़कियों से छींटाकशी एवं अश्लील टिप्पणियां करने वाले तीन युवकों को कालपी पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे पुल के पास कुछ युवक आने-जाने वाली लड़कियों से छींटाकशी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह भदौरिया पुलिस टीम तथा एंटी रोमियो स्क्वॉड की महिला सिपाहियों सोनी गौतम व आकांक्षा के साथ मौके पर पहुंचे ।पुलिस ने मौके पर तीन युवकों को लड़कियों पर सीटी बजाते और अश्लील बातें करते हुए पाया। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया ।गिरफ्तार आरोपियों में तौफीक (20) निवासी मोहल्ला रावगंज, इसराक (20) निवासी मोहल्ला रामगंज तथा साहिल (19) निवासी मोहल्ला तरीबुल्दा, के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296 के तहत अश्लीलता फैलाने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के द्वारा विधिक कार्यवाही कराई गई है।

# बहला-फुसलाकर युवती को भगा कर ले जाने पर नामजद के खिलाफ मुकदमा

( यंग भारत न्यूज )

कालपी -उरई ।तहसील क्षेत्र के ग्राम सिकरी रहमानपुर में एक 19 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने तथा घर से सोने-चांदी के जेवरात ले जाने पर पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। उक्त मामले को लेकर पीड़ित पिता ने थाना चुर्खी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि कि 17 अगस्त 2026 की दोपहर करीब 3 बजे घर पर परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। इसी दौरान आरोपी निखिल निवासी ग्राम डौडियापुर, थाना राजपुर, जिला कानपुर देहात घर आया और उनकी 19 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पुत्री के जाने के बाद घर में रखे जेवर और नकदी भी गायब मिले। इनमें एक सोने की जंजीर, चार सोने की चूड़ियां, दो सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी पायल तथा 10 हजार रुपये नकद शामिल हैं। परिजनों ने युवती की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार को सौंपी गई है। पुलिस युवती और आरोपी की तलाश के साथ ही मामले की जांच में जुटी है।

# वृद्ध बीमार महिला इलाज दौरान मृत्यु

( यंग भारत न्यूज )

कालपी जालौन 20 अगस्त। 75 वर्षीय वृद्ध महिला बीमारी के चलते कानपुर में इलाज दौरान अचानक शाम को मृत्यु हो गई मृत्यु की सूचना जैसे ही नगर तथा ग्राम वासियों को लगी तत्काल उनके निज निवास में पहुंचने का सिलसिला बराबर लगा रहा मौजूद लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की। बताते चलें की ग्राम बघौरा हाल बाजार कालपी निवासी कमला देवी पत्नी स्वर्गीय सुभाष सिंह रविंद्र सिंह उर्फ पप्पू की भाभी तथा गल्ला व्यापारी धीरेंद्र उर्फ बब्लू सिंह की मां गुरुवार के दिन कानपुर अस्पताल में बीमारी के चलते अचानक मृत्यु हो गई वृद्ध महिला का मृतक शव अस्पताल से बाहन में रखकर जैसे ही निज निवास कालपी में लाये मौजूद ?परिजनों में कोहराम मच गया तथा नगर एवं ग्राम में शोक की लैहर फैल गई शुक्रवार के दिन 8 बजे राजघाट स्थित श्मशान घाट में परिवार तथा गणमान्य लोगों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया जाएगा शोक संवेदना प्रकट करने वालों में गल्ला व्यापारी कमलेश यादव गल्ला व्यापारी विनोद कुमार बबुल गुप्ता सुरेश सिंह चौहान प्रभु दयाल विश्वकर्मा आदि सैकड़ो लोगों ने पहुंच कर को संवेदना प्रकट की।

# दो दिनों की बारिश से उमस भरी गर्मी से मिली राहत

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** लगातार दो दिनों से हो रही बारिश के चलते कालपी तथा आसपास के इलाकों में लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और तापमान में भी गिरावट महसूस की गई।

उल्लेखनीय है कि करीब डेढ़ सप्ताह से बारिश न होने के कारण क्षेत्र में चिपचिपाती और उमस भरी गर्मी का प्रकोप बना हुआ था। बुधवार शाम करीब चार बजे अचानक मौसम बदला और करीब डेढ़ घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। इसके बाद रात से लेकर गुरुवार को भी रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी रहा ।मूसलाधार बारिश के कारण नगर के कई स्थानों तथा सड़कों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। लगातार बारिश का असर जनजीवन पर भी दिखाई दिया। बाजारों के साथ ही सरकारी और निजी कार्यालयों में अन्य दिनों की अपेक्षा सन्नाटा पसरा रहा। हालांकि बारिश से किसानों और आम लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली।

# एसपी के साधे हुए निर्देशों पर चल कर गोहन थाना पुलिस ने कर दिया ब्लाइंड मर्डर का अनावरण, 10 दिन पूर्व हुई थी हत्या , नही मिल रहा था कोई सुराग, एक आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन।** थाना गोहन पुलिस टीम ने हत्या की एक घटना का सफल अनावरण करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 22 जून 2026 को ग्राम पिपरौंधा निवासी गजरा शंकर की अज्ञात व्यक्ति द्वारा डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के परिजनों की तहरीर पर थाना गोहन में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस के मुताबिक, घटना के खुलासे के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ एवं थाना गोहन पुलिस की टीम को लगाया गया था। पुलिस टीम ने घटना से जुड़े साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर आरोपी प्रभुदयाल दुबे निवासी ग्राम बिठली, थाना बिठली, जनपद इटावा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि साहबू की छोटी भांजी रूपाली की शादी 19 फरवरी 2026 को हुई थी। शादी के दौरान शराब पीने को लेकर हुए विवाद के बाद उसके मन में रंजिश थी। आरोपी के अनुसार, 21 जून की रात वह ग्राम पिपरौंधा पहुंचा और गजराशंकर के सिर पर लकड़ी के डंडे से कई बार वार किए। इसके बाद मृतक को मरा हुआ समझकर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लकड़ी का डंडा बरामद कर उसे विधिक कार्रवाई के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, घटना के सफल अनावरण में थाना गोहन पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।:::

# विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप : सिंधू और आयुष जीते, लक्ष्य बाहर, सात्विक-चिराग को वाकओवर

नई दिल्ली

भारत के लक्ष्य सेन बुधवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के पुरुष एकल के दूसरे दौर में अमेरिका के गैरेट टैन के खिलाफ हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गए, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और उभरते हुए स्टार खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य पुरुष एकल के राउंड ऑफ 32 मुकाबले में पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक टैन की तेज गति, आक्रामक खेल और चकमा देने की रणनीति का सामना नहीं कर सके और 21-19, 19-21, 17-21 से हार गए। निराश लक्ष्य ने कहा, "यह बहुत कड़ा मुकाबला था। मेरे अंदर जितनी ऊर्जा थी मैंने सब झोंक दी। तीसरे गेम में मैं शारीरिक रूप से भी थक चुका था। मैं उन्हें काफी श्रेय दूंगा, उन्होंने बहुत अच्छा खेल दिखाया। हालांकि, मैं थोड़ा निराश हूं। मैंने अंत तक अपना सब कुछ दिया, लेकिन वह पर्याप्त नहीं था।





### सिंधू का अगला मुकाबला अब वांग झी यी से

विश्व चैंपियनशिप में छठा पदक जीतने की अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल करने की कोशिश में लगी सिंधू ने कनाडा की वेन यू झांग को 21-16, 21-17 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। वर्ष 2019 की विश्व चैंपियन और 15वीं वरीय सिंधू का अगला मुकाबला चीन की तीसरी वरीय वांग झी यी से होगा। आयुष शेट्टी ने श्रीलंका के वुमिंदु अबेयविक्रमा को 21-8, 21-10 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

### कड़े मुकाबले में हारी उन्नति

उन्नति हुड्डा का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप का सफर दूसरे राउंड में खत्म हो गया। बुधवार को उन्हें कनाडा की मिशेल ली के हाथों कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। 18 साल की भारतीय खिलाड़ी अपने से ज्यादा रैंकिंग वाली कनाडा की प्रतिद्वंद्वी को चौंकाने के बहुत करीब थी, लेकिन इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक घंटे से भी कम समय तक चले मैच में उन्हें 21-11, 9-21, 21-23 से दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। उन्नति म्यामार की थेट हतार थुजार को 22-20, 21-19 से सीधे गेम में हराकर दूसरे राउंड में पहुंची थीं। 2025 में उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी जीतों में से एक हासिल की थी, जब उन्होंने चाइना ओपन में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को हराया था।



### सात्विक और चिराग फाइनल में पहुंचे

सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की पुरुष युगल जोड़ी ने वॉकओवर मिलने के बाद प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व चैंपियनशिप की दो बार की कांस्य पदक विजेता भारत की पांचवीं वरीय जोड़ी को पहले दौर में बाई मिली थी और दूसरे दौर में उनका सामना स्कॉटलैंड के एलेक्जेंडर डुन और एडम हॉल से होना था। हालांकि बुधवार को ही मिश्रित युगल मुकाबले के दौरान डुन के बाएं टखने में चोट लगने के बाद स्कॉटलैंड की जोड़ी ने अंतिम समय में नाम वापस ले लिया। डुन और उनकी जोड़ीदार जूली मैकफर्सन मिश्रित युगल में थाईलैंड के पक्कापोन तीरारत्साकुल और सप्सिरी तेरात्तनाचाई के खिलाफ 8-18 से पीछे थे तभी डुन को चोट लगी।

### अर्जुन-अमसाकरुणन का अभियान समाप्त

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप के राउंड ऑफ 32 में भारत की मेंस डबल्स जोड़ी एमआर अर्जुन-हरिहरन अमसाकरुणन को साउथ कोरिया के एससेंग कांग-मी. सेव के खिलाफ 17-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। सीधे गेम में हारने के बाद, भारतीय जोड़ी ने अपनी गलतियों और कई शुरुआती गेम को जीतने में नाकाम रहने को हार का कारण बताया। आयरलैंड के स्कॉट मिलिएसपॉल रेनॉल्ड्स के चोट के कारण हट जाने के बाद भारतीय जोड़ी राउंड ऑफ 32 में पहुंची थी, लेकिन साउथ कोरियाई जोड़ी के विरुद्ध शिकस्त झेलनी पड़ी। हार पर बात करते हुए हरिहरन अमसाकरुणन ने कहा कि मैच कठिन था, लेकिन शुरुआती गेम के अहम मोड़ पर भारतीयों ने गलतियां करना शुरू कर दिया। इस हार के साथ ही वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय जोड़ी का सफर खत्म हो गया।

## डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में सबालेंका की 50वीं जीत



सिनसिनाटी

आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। सबालेंका ने 54 मिनट तक चले मुकाबले में सबालेंका ने वांग शिन्यु को 6-1, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ, सबालेंका अब अपने करियर में 45 डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में राउंड ऑफ 16 में पहुंच गई हैं। उनकी इस जीत ने सिनसिनाटी में जीत के मामले में उन्हें सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे आगे कर दिया है। सबालेंका के नाम अब डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में 50 करियर जीत है। सबालेंका 2009 में इस फॉर्मेट के शुरू होने के बाद से ऐसा करने वाली सेरेना विलियम्स (104) और इगा स्वियाटेक (58) के बाद तीसरी खिलाड़ी हैं।

■ सिनसिनाटी ओपन के राउंड ऑफ 16 में पहुंची आर्यना

### चौथे राउंड में मीरा और कोको

इस बीच, नंबर 5 सीड मीरा एंड्रीवा ने नंबर 32 सीड जेलेना ओस्टापेंको को हराकर चौथे राउंड में पहुंच गईं। एंड्रीवा ने 1 घंटे 42 मिनट तक चले इस मैच में 6-1, 7-6(5) से जीत दर्ज की। अब उनका सामना मार्टा कोस्त्युक से होगा। कोको गॉफ ने भी पास ली पर 6-1, 7-6 (3) से जीत हासिल करके चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली।

## टेस्ट सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त, सुथार ने झटके 10 विकेट

■ टीम इंडिया ने श्रीलंका को पहले टेस्ट में 165 रन से हराया

# भारत ने जीता अपना 600वां टेस्ट मैच, श्रीलंका को दी मात

गॉल

बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मैच में 10 विकेट लिए, जिससे भारत ने बुधवार को श्रीलंका को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 165 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। श्रीलंका की टीम 372 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन अपनी दूसरी पारी में 206 रन बनाकर आउट हो गई।

भारत ने अपनी पहली पारी में 462 रन बनाकर श्रीलंका को 284 रन पर आउट कर दिया था। इस तरह से उसे 178 रन की मजबूत बढ़त मिली थी। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 193 रन बनाए थे। भारत के लिए यह मैच इसलिए भी खास हो गया क्योंकि यह भारत का 600वां टेस्ट मैच था।

### दिनुशा और डिसिल्वा ने खेली शानदार पारी

श्रीलंका की तरफ से सोनल दिनुशा ने सर्वाधिक 84 रन बनाए जबकि कप्तान धनंजय डिसिल्वा ने 59 रन की पारी खेली। मानव सुथार भारत की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 55 रन देकर 6 विकेट लिए। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने 16 रन देकर दो जबकि रविंद्र जडेजा (71 रन देकर 1) और मोहम्मद सिराज (15 रन देकर 1) ने एक-एक विकेट लिया।



### मानव ने बदला खेल का रुख

उसने ही सुथार ने टेस्ट मैच में अपना 10वां विकेट लिया। शुभमन गिल ने राहत की सांस ली होगी क्योंकि मैच खत्म होने के पांच विकेट के भीतर ही भारी बारिश शुरू हो गई थी। मानव ने दूसरी बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। उन्होंने इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट मैच में यह कारनामा किया था। श्रीलंका ने लंच के बाद छह विकेट पर 175 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसे 199 रन तक पहुंचाया लेकिन मानव के गेंद संभालने के बाद खेल का रुख बदल गया। बाएं हाथ के स्पिनर ने 76वें ओवर में छह गेंदों के अंतराल में जोनल दिनुशा, प्रभात जयसूर्या और लाहिरु कुमारा को आउट कर दिया, जिससे श्रीलंका का स्कोर नौ विकेट 199 रन पर हो गया। उन्होंने इसके बाद कैसारा कुमारा को आउट करके मैच का अंत किया।

डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल

## टीम इंडिया को मिला जबरदस्त फायदा



गॉल

भारत को श्रीलंका पर जीत का फायदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की प्वाइंट्स टेबल में हुआ है। भारत का जीत प्रतिशत अब 53.33 हो गया है। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को भी जिंदा रखा है। हालांकि, भारत की पोजीशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दूसरी ओर, श्रीलंका का जीत प्रतिशत हार के बाद अब 33.33 रह गया है। टीम प्वाइंट्स टेबल में छठे नंबर पर काबिज है।

### ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत बरकरार

डब्ल्यूटीसी की प्वाइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया की बादशाहत बरकरार है और टीम 77.78 के जीत प्रतिशत के साथ टॉप पर बनी हुई है। वहीं, साउथ अफ्रीका 75 के जीत प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर काबिज है। न्यूजीलैंड का जीत प्रतिशत 72.22 है और वह टेबल में तीसरे नंबर पर मौजूद है। ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट में हराने के बाद बांग्लादेश का जीत प्रतिशत 66.67 हो चुका है और वह भारत से ठीक एक स्थान ऊपर चौथे नंबर पर है। भारत के लिए यह जीत एक अहम मोड़ पर आई, क्योंकि टीम साउथ अफ्रीका से घरेलू सीरीज में 0-2 से हारने के बाद श्रीलंका सीरीज में उतरी थी। दो बार रनर-अप रही टीम को 2027 के फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखने के लिए श्रीलंका में मजबूत शुरुआत की जरूरत थी।

### खबर संक्षेप



**इंग्लैंड-पाकिस्तान टेस्ट अवैस का शर्मनाक रिकॉर्ड**

लीड्स। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच पहला टेस्ट मैच लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और सलामी बल्लेबाज अजान अवैस मैच की पहली ही गेंद पर पवेलियन लौटे। ओली रॉबिन्सन की अंदर आती हुई गेंद को अजान समझने में पूरी तरह से नाकाम रहे और गेंद सीधा उनके पैड पर आकर लगी, जिसके बाद अंपायर ने तुरंत अपनी उंगली खड़ी कर दी। अजान अवैस टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पाकिस्तान की ओर से मैच की पहली ही गेंद पर आउट होने वाले महज दूसरे सलामी बल्लेबाज बने हैं।

**द. अफ्रीका की महिला टी20 टीम का ऐलान**



जोहान्सबर्ग। जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका क्रिकेट ने महिला टीम का ऐलान कर दिया है। युवा तेज गेंदबाज कैटलिन विगार्ड, नथाबिसेंग निनी और ऑफ-स्पिनर लुयांडा न्जूजा को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। नियमित कप्तान लौरा वोल्वार्ट पांच मैचों की इस सीरीज में टीम की कमान संभालेंगी। यह सीरीज 11 से 19 सितंबर तक बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेली जाएगी।

## 28 चाल में जीते प्रज्ञानानंदा ग्रैंड फाइनल में जगह पक्की

सिंकफील्ड कप : प्रज्ञानानंदा ने वाचियर-लाग्रेव को हराकर हासिल की बढ़त

सेंट लुई

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर अमेरिका के वेस्ली सो के साथ संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। इस जीत से प्रज्ञानानंदा ने संभावित 8 में से 5 अंक हासिल कर लिए हैं और भारतीय खिलाड़ी ने इस साल के अंत में होने वाले ग्रैंड फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। प्रज्ञानानंदा ने केवल 28 चाल में जीत हासिल की।



### वेस्ली ने सैमुअल्स के साथ खेला ड्रॉ

वेस्ली ने अपने हमवतन सैमुअल सैमुअल्स के साथ एक और ड्रॉ खेला। उसी दिन जावोखिर सिंदारोव ने नीदरलैंड के जोर्डन वैन फोरेस्ट को हराया और लगातार तीसरा मैच जीतकर 4.5 अंकों के साथ शीर्ष खिलाड़ियों के करीब पहुंच गए। दिन के एक अन्य महत्वपूर्ण मैच में जर्मनी के विंसेंट कीमर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी फैबियानो कारुआना को हराकर सिंदारोव के साथ तीसरे स्थान पर जगह बनाई।

## पाकिस्तान पर जीत का सिलसिला जारी भारत विश्व कप के दूसरे दौर में पहुंचा

एम्सटेलवीन

पाकिस्तान के खिलाफ पिछले एक दशक से चले आ रहे अजेय अभियान को जारी रखते हुए भारत ने एफआईएच विश्व कप के अहम मुकाबले में बुधवार को चिर प्रतिद्वंद्वी को 5-3 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया जबकि इस हार के साथ पाकिस्तान की पहले दौर से रवानगी तय हो गई। आठ साल बाद विश्व कप खेल रही पाकिस्तानी टीम पहले क्वार्टर में ही दो गोल गंवाने के बाद दबाव में आ गई थी। दूसरे क्वार्टर में दो गोल करके उसने वापसी की कोशिश की लेकिन पिछले दो ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुकी भारतीय टीम अपेक्षा के अनुरूप उस पर भारी पड़ी। दस हजार की दर्शक क्षमता वाले वेगनर स्टेडियम पर भारी तादाद में जमा दोनों टीमों के समर्थकों का जोश भी चरम पर था और लगातार 'भारत माता की जय', 'जीतेगा भई जीतेगा इंडिया जीतेगा' के नारे सुनाई देते रहे। भारत के लिये कप्तान



हरमनप्रीत सिंह ने (पांचवां और 21वां) पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल किये जबकि अभिषेक (11वां और 24वां) ने दो शानदार फील्ड गोल दागे। हार्दिक सिंह ने 34वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। पाकिस्तान के लिये हन्नान शाहिद (22वां और 46वां) ने दो फील्ड गोल किये जबकि सुफियान शेख (24वां) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। पूल डी से इंग्लैंड और भारत ने दूसरे दौर के लिये क्वालीफाई कर लिया।

इंग्लैंड से पहले दौर में हारने वाली भारतीय टीम दूसरे दौर में कोई अंक लेकर नहीं जायेगी। भारत और पाकिस्तान विश्व कप में 16 साल बाद आमने सामने थे और पिछली बार दिल्ली में 2010 विश्व कप में भी भारत ने पाकिस्तान को 4-1 से हराया था। वेगनर स्टेडियम पर दोनों टीमों की टक्कर 1973 में हुई थी जब भारत ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल में एक गोल से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। पाकिस्तान के लिये यह मैच करो या मरो का था जिसे इंग्लैंड ने 4-1 से हराया था जबकि वेल्स के खिलाफ मैच ड्रॉ रहा था। भारत ने पहले ही मिनट से आक्रामक खेल दिखाया और शुरुआती पंद्रह मिनट में पूरा खेल पाकिस्तान के सर्कल में हुआ। भारत ने पहले क्वार्टर में चार पेनल्टी कॉर्नर बनाये जिनमें से दूसरे पर पांचवें मिनट में हरमनप्रीत ने गोल करके बढ़त बना ली। इससे पहले सुखजीत ने बायें फ्लैंक से गेंद सर्कल पर अभिषेक को सौंपी लेकिन पाकिस्तानी गोलकीपर अली रजा ने अच्छा बचाव किया।

एफआईएच विश्व कप: भारतीय महिला हॉकी टीम की आज इंग्लैंड से टक्कर

# भारत का अजेय रहते हुए दूसरे दौर में प्रवेश का लक्ष्य

एम्सटेलवीन

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच विश्व कप में पहले दौर के अंतिम मैच में गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ जीत दर्ज करके पूल डी की शीर्ष टीम के रूप में अपराजेय रहते हुए दूसरे दौर में प्रवेश करने के इरादे से उतरेगी।

### 11 खिलाड़ियों का पहला विश्व कप

कोच शोर्ड मारिन की भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अभी तक अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है। पहले मैच में चीन की कठिन चुनौती के बावजूद ड्रॉ कराने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से हराया और अहम बात यह है कि यह गोल अलग-अलग खिलाड़ियों ने किए। भारत की 11 खिलाड़ियों का यह पहला विश्व कप है लेकिन उन्होंने दबाव लिए बिना अपना स्वाभाविक खेल दिखाया है।



### बेहतर गोल औसत, शीर्ष पर भारत

पहले ही मैच में चीन को 2-2 से ड्रॉ पर रोकने के बाद भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से रौंदकर अपना गोल औसत सबसे बेहतर कर लिया है। भारत और चीन के पूल डी में एक जीत और एक ड्रॉ के बाद चार-चार अंक हैं लेकिन भारत ने दो मैचों में 8 गोल किए और तीन ही गंवाए हैं जबकि चीन ने छह गोल किए और चार गंवाए हैं। बेहतर गोल औसत के आधार पर भारत शीर्ष पर है। चीन से 2-4 से हारी इंग्लैंड टीम के तीन अंक हैं यानी उसे हर हालत में यह मैच जीतना होगा जबकि भारत ड्रॉ खेलने पर भी अगले दौर में पहुंच जाएगा। दक्षिण अफ्रीका दोनों मैच हारकर दौड़ से बाहर हो ही चुका है, जिसे आखिरी मुकाबला चीन से खेलना है।

## कोकीन टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद किर्गियोस सस्पेंड

लंदन

ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस ने खुलासा किया कि उनका कोकीन टेस्ट पॉजिटिव आया है और उन्हें अस्थायी रूप से टेनिस से निलंबित कर दिया गया है। किर्गियोस 2022 विंबलडन के एकल फाइनल में नोवाक जोकोविच से हारकर उपविजेता रहे थे। 31 वर्षीय किर्गियोस लगातार चोटों के कारण विश्व रैंकिंग में अभी 919वें स्थान पर काबिज है।

किर्गियोस ने सोशल मीडिया पर इस मामले की जानकारी साझा की। उन्होंने जून में आयोजित एक निचले स्तर के टूर्नामेंट का जिक्र करते हुए लिखा, 'हाल में मल्लोर्का में मेरा ड्रग परीक्षण पॉजिटिव आया, जिसमें मैं कोकीन के लिए पॉजिटिव मिला।'



उन्होंने कहा, 'मैंने बहुत बड़ी गलती की और इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। प्रतियोगिताओं के दौरान कोकीन को प्रतिबंधित डोपिंग पदार्थ माना जाता है। हालांकि प्रतियोगिता से बाहर इसके इस्तेमाल के मामलों में कम सजा का प्रावधान हो सकता है।



## महाकाली में असुर गुरु शुक्राचार्य बन छाए अक्षय

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय खन्ना पौराणिक फिल्म 'महाकाली' से अपना तेलुगु डेब्यू करने जा रहे हैं। फिल्म में असुर गुरु 'शुक्राचार्य' के रूप में उनका खौफनाक लुक सामने आया है, जिसकी पहली झलक 24 अगस्त को रिलीज होगी। हनु-मान की जबरदस्त सफलता के बाद प्रशांत वर्मा अपने अगले अध्याय के साथ दर्शकों को एक नई दुनिया में ले जाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में आरकेडी स्टूडियोज ने एक रहस्यमयी पोस्ट शेयर किया है। ऐसे में माना जा रहा है कि यह 24 अगस्त को महाकाली से अक्षय खन्ना का शुक्राचार्य के रूप में उनका दिलचस्प अवतार पेश करने वाले हैं।

लाइफ Style

# यामी
## नई नवेली की बनेंगी डायन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम की फिल्म का बुधवार को ऐलान किया गया है। फिल्म का नाम है- 'नई नवेली'। यह एक फैमिली एंटरटेनमेंट फिल्म होगी, जो इस साल दशहरे के मौके पर सिनेमाघरों में लगेगी। इस फिल्म को आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा प्रोड्यूस कर रहे हैं।

निर्देशन की कमान बालाजी मोहन ने संभाली है। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज और कलर येल्लो ने भारत की अपनी फैंटेसी फैमिली एंटरटेनमेंट फिल्म 'नई नवेली' की घोषणा की है। यह मनोरंजन की खुराक देगी। त्योहार के सीजन में दर्शक इसे देखने के लिए परिवार के साथ सिनेमाघरों का रुख कर सकते हैं। फिल्म 'नई नवेली' 16 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसमें यामी गौतम लाल रंग की साड़ी में सज-संवरकर नजर आ रही हैं। सोने के गहने पहने हैं। हंसती मुस्कुराती हुई वे किसी भूतिया शख्स के गले में दुपट्टा फंसाकर खींच रही हैं और वह चीख रहा है। पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'नई नवेली दुल्हन डायन'। इसी के साथ पोस्टर पर लिखा है, 'भाभी डायन है'। इस दशहरा फैंटेसी एंटरटेनर के लिए तैयार रहिए। 'नई नवेली' फिल्म में जी. वी. प्रकाश कुमार का संगीत है। यह दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाती है, जहां असाधारण घटनाएं घटती हैं और वह पारिवारिक उथल-पुथल से टकराती हैं। इस कड़ी में कई दिलचस्प और अप्रत्याशित मोड़ आते हैं।



हॉलीवुड मसाला



## शुरू होगी फास्ट फॉरएवर की शूटिंग

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की सबसे बड़ी और लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें विन डीजल स्टारर फास्ट एंड फ्यूरियस का नाम जरूर शामिल होगा। पिछले 25 सालों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाले ये मूवी फ्रेंचाइजी अपने आखिरी पार्ट की तरफ बढ़ रही है, जिसका नाम फास्ट फॉरएवर है। विन डीजल की फास्ट एंड फ्यूरियस एक्शन और रोमांच से भरपूर फिल्म फ्रेंचाइजी रही है, जिसको लेकर न सिर्फ विदेश बल्कि भारतीय सिनेप्रेमियों में भी जबरदस्त क्रेज नजर आता है।



## एमटीवी म्यूजिक अवार्ड के नॉमिनेशन का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** 2026 एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवार्ड्स के नॉमिनेशन का ऐलान हो गया है। इसमें पॉप आइकॉन मैडोना 11 नोटों के साथ सबसे आगे हैं। मैडोना के ठीक बाद टेलर स्विफ्ट नौ वोटों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। इसी तरह से एरियाना ग्रांडे और सबरीना कारपेंटर को सात-सात वोट मिले हैं। एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवार्ड्स इस साल लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर में होने वाले हैं, यह 40 साल में पहली बार है जब यह वेस्ट कोस्ट पर होगा। इसे आखिरी बार 2017 में लॉस एंजिल्स से ब्रॉडकास्ट किया गया था और इसे केटी पेरी ने होस्ट किया था। दो घंटे का यह शो 27 सितंबर को प्रसारित होगा। होस्ट का नाम अभी नहीं बताया गया है। इस बीच, आर्टिस्ट ऑफ द ईयर के लिए मैडोना, टेलर स्विफ्ट, एरियाना ग्रांडे, कारपेंटर, मार्स और मोर्गन वॉलन जैसे लोग मुकाबला करेंगे।



## महाकाव्य श्रीरामायण में निभाएंगी भूमिका

**मुंबई।** फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' का पहला पोस्टर और टीजर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस टीजर में कच्चा बादाम फेम गर्ल अंजलि अरोड़ा भी नजर आईं। इन दिनों राम कथा पर कई फिल्में बन रही हैं। इस फिल्म के जरिए अंजलि अपना एक्टिंग डेब्यू भी रही हैं। फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' के टीजर में राम और सीता विवाह, वनवास यात्रा और रावण की झलक भी मिली है। इस फिल्म में अंजलि माता सीता के रूप में नजर आएंगी। वहीं देव शर्मा भगवान राम का किरदार निभाएंगे। महोबिया फिल्म्स के प्रोडक्शन तले बनी इस फिल्म को प्रकाश महोबिया और संजय बुंदेला ने प्रोड्यूस किया है। अजय कनौजिया की कंपनी एजे फिल्म एंटरटेनमेंट वर्ल्ड ने इसे पेश किया है। इसके डायरेक्टर अभिषेक सिंह हैं। यह फिल्म हिंदी के अलावा छत्तीसगढ़ी भाषा में भी रिलीज होगी।



## आशा फॉरवर वीडियो के होंगे हिस्सा

**मुंबई।** 'आशा फॉरेवर' नाम का यह म्यूजिक वीडियो रहमान के लिए बहुत खास है। उन्होंने इसे बनाने का प्लान तब सोचा था, जब गायिका आशा भोसले जी जिंदा थीं। अब उनके गुजर जाने के बाद इस म्यूजिक वीडियो पर रहमान काम कर रहे हैं। संगीतकार रहमान दिवंगत गायिका आशा के लिए एक ट्रिब्यूट म्यूजिक वीडियो को रिलीज करने की तैयारी कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ए.आर. रहमान ने घोषणा की थी कि शाहरुख खान दिवंगत गायिका आशा के आगामी ट्रिब्यूट म्यूजिक वीडियो का हिस्सा होंगे। शाहरुख के बाद सलमान खान भी इस म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगे। यह जानकारी रहमान ने ही एक्स (ट्विटर) पर साझा की है। यह पोस्ट में लिखते हैं, 'आशा भोसले जी के लिए बनाए गए ट्रिब्यूट म्यूजिक वीडियो का हिस्सा बनने के लिए सलमान का दिल से शुक्रिया।'

# 'मेरा कुछ सामान' गाना लिखकर पहुंचे गुलजार तो भड़क गए थे पंचम दा

*नई दिल्ली। रुमानी आवाज के मालिक गुलजार साहब अपने दशकों लंबे करियर में ढेरों गजलें, नज्म और गाने लिखे, जो हमेशा के लिए यादगार बन गए। अपने करियर में उन्होंने करीब 36 अवॉर्ड्स जीते। अपने नाम के मुताबिक ही उन्होंने अपने नाम और प्रतिभा से पूरी दुनिया को गुलजार कर दिया। उन्होंने एक से बढ़कर एक ऐसे अनमोल नगीने अपने शब्दों से पिरोकर बनाए, जिनमें संगीत ने जान भर दी। लेकिन, गुलजार साहब का एक गाना ऐसा रहा, जिसने पंचम दा यानी आरडी बर्मन के भी होश उड़ा दिए थे। जो पंचम दा पानी और खाली बर्तनों से भी म्यूजिक निकाल लेते थे और उसी हिसाब से गाना भी गा देते थे, उन्हें गुलजार साहब का लिखा वह गाना समझ नहीं आया। वह उसके लिए कोई ट्यून ही नहीं खोज पाए, जिसके कारण भड़क गए। हालांकि, बाद में कुछ ऐसा हुआ कि पंचम दा ने वो गाना 15 मिनट में ही तैयार कर दिया और इसने दो नेशनल अवॉर्ड्स जीते थे।*



### पंचम दा और गुलजार के गाने

मुसाफिर हूं यारो
तेरा बिना जिया जाए ना
तुम आ गए हो नूर आ गया है
कतरा कतरा
मेरा कुछ सामान
तुझसे नाराज नहीं जिंदगी
आने वाला पल जाने वाला है

### इजाजत में शामिल किया गया था

यह गाना था 'मेरा कुछ सामान', जो साल 1987 में आई फिल्म 'इजाजत' में शामिल किया गया था। फिल्म को गुलजार साहब ने डायरेक्ट किया था और 'मेरा कुछ सामान' गाना भी उन्होंने ही लिखा था। गुलजार साहब ने यह गाना फ्री वर्स में लिखा था। फिल्म में यह गाना उस कविता से प्रेरित है, जिसे माया ने अपने पुराने प्रेमी महिंदर के लिए एक चिट्ठी में लिखकर छोड़ा था। उसमें उसने अपनी चीजें वापस मांगी थीं। लेकिन, महिंदर जैसे-जैसे कविता आगे पढ़ता है, उसे पता चलता है कि माया असल में कोई भौतिक चीजें वापस नहीं चाहती, बल्कि साथ बिताए पलों की यादें चाहती है।

### तय नियम के मुताबिक नहीं लिखा था

इसी से क्यू लेकर गुलजार साहब ने 'मेरा कुछ सामान' गाना लिखा और पंचम दा के पास पहुंच गए। पंचम दा ने लाइनें पढ़ीं तो वह भड़क गए और गुलजार साहब से बोले कि ये किस तरह का गाना है? कल तू कोई न्यूजपेपर उठाकर ले आएगा और कहेगा कि इसका गाना बना दो। पंचम दा का गुस्सा इसलिए था, क्योंकि गुलजार ने वह गाना किसी गाने के स्ट्रक्चर या तय नियम के मुताबिक नहीं लिखा था। उसमें कोई लय भी नहीं था। पढ़ते ही ऐसा लग रहा था जैसे किसी न्यूजपेपर में छपा आर्टिकल हो या फिर सामान की कोई लिस्ट।

***'मेरा कुछ सामान' को मिले थे 2 नेशनल अवॉर्ड*** *: 'मेरा कुछ सामान' के लिए आशा भोसले ने बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का नेशनल अवॉर्ड जीता था। वहीं, गुलजार ने बेस्ट लिरिक्स का नेशनल अवॉर्ड जीता था। साथ ही गुलजार ने फिल्मफेयर का बेस्ट लिरिसिस्ट अवॉर्ड भी जीता था।*

### एक कोने में बैठ गए थे गुलजार

यह बात आशा भोसले ने भी एक इंटरव्यू में बताई थी। उन्होंने बताया था कि पंचम दा को जब गाना दिखाया गया तो उन्होंने इसे फेंका दिया था और इसे 'टाइम्स ऑफ इंडिया' अखबार बताया था। यह देख गुलजार सकपका गए थे और एक कोने में बैठ गए थे। तब आशा भोसले वहीं पर बैठी थीं। उन्होंने लिखे गाने का वो पेपर उठाया और गुनगुनाना शुरू कर दिया। पंचम दा हैरानी से आशा भोसले को देखते रह गए। उन्हें पहले कोई धुन नहीं मिल रही थी, पर आशा भोसले को गाता देख 'मेरा कुछ सामान' गाने पर वह सुर अच्छा लगा। बस फिर क्या था। उन्होंने सिर्फ 15 मिनट में उस गाने की धुन तैयार कर दी।

# 17 सालों से दूल्हा-दुल्हन का है फेवरेट गाना



**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल के न सिर्फ किरदार मशहूर होते हैं, बल्कि कई शोज तो ऐसे हैं, जिनके गाने ऑडियंस के दिल में बसे हुए हैं। पिछले 17 सालों से टीवी पर राज कर रहे एक ऐसे ही शो के बारे में हम आपको बता रहे हैं। शो का टाइटल ट्रैक तो मशहूर है ही, लेकिन इसी के साथ सीरियल में एक ऐसा गाना भी फिल्माया गया, जो आज तक शादियों की आन-बान और शान बना हुआ है। गाने के लिरिक्स हैं 'दिल से बंधी एक डोर, जो दूर तक जाती है'। यह गाना राजन शाही के शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का था, जिसे पमेला जैन और कविता राम ने गाया था और नवीन मनीष ने इसका संगीत दिया था। दरअसल, जब हिना खान बिग बॉस सीजन 11 में आई थीं, तो उस दौरान ही अचानक बजा था। ये गाना सुनकर हिना काफी इमोशनल हो गईं। उन्होंने साथ में बैठे हुए एक कंटेस्टेंट को बताया कि ये गाना उनके शो ये रिश्ता क्या कहलाता है का है, जो शादियों में बजता है। उन्होंने ये भी बताया कि उनके शो का ये गाना जयपुर और राजस्थान की शादियों में बजता है। बिग बॉस 11 में अपने को-कंटेस्टेंट को कल्ट शो के बारे में बताते हुए हिना खान काफी इमोशनल हो गईं। ये रिश्ता क्या कहलाता है स्टार प्लस के सबसे लोकप्रिय शोज में से एक है।

# पहली बार साथ नजर आएंगे कियारा और सैफ, कनिका करेंगी निर्देशन

**मुंबई।** बॉलीवुड फैंस के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। सैफ अली खान और कियारा आडवाणी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। कियारा और सैफ अली खान दोनों एक्टर्स इन दिनों अपनी आने वाली फिल्मों को लेकर व्यस्त हैं। अब खबरें सामने आ रही हैं कि दोनों एक इंटेंस थ्रिलर फिल्म में स्क्रीन शेयर कर सकते हैं। जानिए क्या है पूरा मामला। खास बात यह है कि इस फिल्म से राइटर-प्रोड्यूसर कनिका ढिल्लों बतौर डायरेक्टर अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इस अनटाइटल्ड फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट्स प्रोड्यूस कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म अभी डेवलपमेंट स्टेज में है। इसकी स्क्रिप्ट को खास तौर पर सैफ अली खान और कियारा आडवाणी को ध्यान में रखकर लिखा जा रहा है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने पोर्टल को बताया, 'सैफ और कियारा कनिका की अगली फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। यह सुपरनेचुरल एलिमेंट वाली एक इंटेंस थ्रिलर है और इसकी स्क्रिप्ट दोनों एक्टर्स को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है। कनिका, एक्सेल एंटरटेनमेंट्स और राइटिंग टीम काफी समय से इस कहानी पर काम कर रही है और अब मेकर्स इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं। फिलहाल फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। स्क्रिप्ट पूरी तरह तैयार होने के बाद मेकर्स फिल्म से जुड़ी और जानकारी शेयर कर सकते हैं। कियारा आडवाणी की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आने वाली हैं। वहीं, सैफ अली खान अगली बार फिल्म 'हैवान' में नजर आएंगे। यह एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसे प्रियदर्शन ने लिखा और डायरेक्ट किया है।





# 55वीं केवीएस राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता (वॉलीबॉल) 2026 क्वार्टर फाइनल मुकाबले संपन्न; कल होगा सेमीफाइनल का रोमांच

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी** 55वीं केन्द्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता–2026 के अंतर्गत वॉलीबॉल चैम्पियनशिप के बालक अंडर–14 एवं अंडर–17 वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले आज अत्यंत रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में संपन्न हुए। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तकनीक, अनुशासन, टीम भावना एवं खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में उत्साह और रोमांच का वातावरण बनाए रखा।

क्वार्टर फाइनल के परिणाम

बालक अंडर–14 वर्ग में वाराणसी ने राँची को 3–0, देहरादून ने जयपुर को 3–0, पटना ने चंडीगढ़ को 3–0 तथा आगरा ने हैदराबाद को 3–0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।बालक अंडर–17 वर्ग में राँची ने जयपुर को 3–0, चेन्नई ने हैदराबाद को 3–0, वाराणसी ने जबलपुर को 3–0 तथा आगरा नेके देहरादून को 3–1 से पराजित कर सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्राचार्य श्री सुभाषचन्द्र श्रीवास्तव स्वयं व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी कर रहे हैं। खिलाड़ियों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक–3, झाँसी में की गई है। प्राचार्य द्वारा खिलाड़ियों के खान–पान, आवास तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित रूप से व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है। प्रतियोगिता के सुचारू संचालन में श्री अजय सिंह, श्रीमती अल्का श्रीवास्तव (एच.एम.), श्री लोकेश कुरचनिया, श्री देवेंद्र कुमार, श्री देवेंद्रमणि, श्री भीमराज, श्री अजय कुमार, श्रीमती लक्ष्मी तोमर, श्रीमती दिपांशी, श्रीमती गीतांजलि, श्री अजय, श्री अमित, श्री चंदन, श्री दीपक (कोच) तथा श्रीमती नेहा रिछारिया (नर्स) सहित विद्यालय की पूरी टीम समर्पित भाव से सक्रिय भूमिका निभा रही है। टीम के समन्वित प्रयासों से खिलाड़ियों के आवास, भोजन, स्वास्थ्य, खेल मैदान एवं प्रतियोगिता से जुड़ी व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के परिणामों के बाद दोनों आयु वर्गों की विजेता टीमें अब 20 अगस्त 2026 को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में आमने–सामने होंगी। इन मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेलप्रेमियों में विशेष उत्साह है। सेमीफाइनल के परिणामों के साथ प्रतियोगिता अपने निर्णायक एवं रोमांचक खिताबी चरण की ओर अग्रसर होगी।

# बाह्य सौंदर्य से नहीं प्रभु की आराधना कर स्वयं को सुंदर बनायें:विभाश्री

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** अतिशय क्षेत्र करगुवांजी में चल रहे 48 दिवसीय 1008 भक्तामर महा मण्डल आराधना विधान के सत्रहवें दिन गुरुवार को गणिनी आर्यिका 105 विशाश्री माताजी ने मंगल देशना देते हुए कहा कि संसार में प्रभु का सौंदर्य अद्वितीय है। तीनों लोकों में उनके समान सुंदर दूसरा कोई नहीं है, क्योंकि वे राग द्वेष रहित हैं और उनमें कोई भी अवगुण नहीं है। वे शांत और गंभीर है। भूतल के सभी सुंदर परमाणु उनमें समाहित हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य के शरीर में 9984 रोग भरे हैं जो कभी भी उभर कर ऊपर आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि आप सुंदर बनना चाहते हो तो सौंदर्य प्रसाधनों का उपयोग किये बिना पूरे भक्तिभाव से तीर्थंकर प्रभु की आराधना करो। उन्होंने कहा कि प्रभु की आराधना करते करते मनुष्य की काया सुंदर , रुपवान और ? गुणशील हो जाती है।

सत्रहवें दिवस गुरुवार के प्रथम पुण्यार्जक श्रीमती डा. अनुपमा जैन, डा.प्रदीप जैन न्यूरो सर्जन, श्रीमती अलका डा.पी के जैन, अनन्य जैन,प्रिमल जैन एवं द्वितीय पुण्यार्जक श्रीमती हर्षा जिनेंद्र जैन, आचरण जैन,रैनी जैन, श्रीमती सुनीता मनोज जैन एवं समस्त परिवार बीड़ी वाले रहे,जिन्होंने शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त किया एवं माताजी को शास्त्र भेंटकर पं दीपक जैन करैरा के मार्गदर्शन में समस्त धार्मिक क्रियायें सम्पन्न कराते हुए अर्घ समर्पित किये। संचालन करगुवांजी मंत्री शिरोमणि जैन ने किया।अंत में अशोक जैन जैनिथ ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर इं बालचंद्र जैन, चौधरी जितेंद्र जैन तालबेहट, बाहुबलि जैन , अशोक जैन रत्न सेल्स,प्रीति शिरोमणि जैन, श्रीमती रानी भागचंद जैन आदि मौजूद रहे।

# झांसी बनी काशी, महादेव के जयकारो से गूंजा आसमान

## -झांसी में उमड़ा सनातन का ऐतिहासिक जनसैलाब:

## -हेलीकॉप्टर से कमिश्नर, आई जी ने की पुष्प वर्षा

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** बुंदेलखंड कांवड़ यात्रा समिति झाँसी द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा मध्य प्रदेश के ओरछा से प्रमारंभ हुई। ओरछा में यात्रा का शुभारंभ छारद्वारी के महंत द्वारा एवं राज्य सभा सांसद महेश केवट कांवड़ यात्रा समिति के अध्यक्ष संजीव श्रृंगीऋषि, आचार्य हरिओम पाठक, राष्ट्रीय कवि सुमित मिश्रा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रमोद तिवारी द्वारा कांवड़ पूजन किया गया। जैसे ही हजारो कांवड़ यात्री यात्रा लेकर आगे बड़े, बम बम भोले की धुन में नाचते गाते कांवड़िये चल रहे थे। यात्रा का जगह जगह भव्य स्वागत हुआ।

जैसे ही कांवड़ यात्रा कानपुर चुंगी पहुची वहाँ पर मौजूद जिला अधिकारी झाँसी गौरांग राठी एवं एसएसपी झाँसी बीबीएसजीटी मूर्ति और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। यात्रा आगे बढ़ कर जैसे ही कुंज वाटिका पहुची वहाँ हज़ारो की संख्या में महिलाएँ सिर पर कलश लेकर कांवड़ियों के स्वागत में आगे आगे चल रही थी एवं रानी लक्ष्मी बाई के भेस में 101 महिलाएं तलवार लेकर आगे चल रही थी उनके आगे अघोरी की टीम भगवान भोलेनाथ के साथ चल रही थी और उससे भी आगे 101 दिव्यांग जन अपने वाहनो के साथ यात्रा की अगुवाई कर रहे थे। बुंदेलखंड कांवड़ यात्रा समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा झाँसी महानगर श्री संजीव श्रृंगीऋषि के नेतृत्व में चल रही थी साथ में एडीएम शिव प्रताप शुक्ला एसपी सिटी प्रीति सिंह सीओ सिटी राम वीर सिंह थाना नवाबाद प्रभारी रवि श्रीवास्तव यात्रा के संयोजन में आगे आगे चल रहे थे। जैसे ही यात्रा इलाइट चौराहा पर पहुची वहा बने स्वागत मंच से कांवड़ यात्रा समिति के अध्यक्ष संजीव श्रृंगीऋषि सहित आचार्य हरि ओम पाठक, आचार्य लल्लन महाराज, आचार्य विष्णु वसन्त गोलवल्कर, आचार्य मनोज चतुर्वेदी के साथ सांसद अनुराग शर्मा, बबीना विधायक राजीव सिंह परीछा ,महापौर बिहारी लाल आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा प्रदीप सराओगी, संतोष सोनी, ब्लॉक प्रमुख राज कांतेश वर्मा आदि द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान बम बम भोले महादेव के जय कारो के साथ झाँसी बना काशी धाम जय श्री राम जय श्री राम के उद्घोषों से पूरा झाँसी गुंजाइमान हो गया। संतानियों का विशाल जन सैलाब देख कर लग रहा था जैसे झाँसी काशी बन गया हो। यात्रा के मार्ग में पर क़दम रखने तक की जगह तक नहीं थी। जहाँ देखो सर ही सर दिख रहे थे। जैसे ही आदरणीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा भेजा गया राजकीय हेलीकॉप्टर भक्तों को दिखाई दिया और हेलीकॉप्टर में बैठे कमिश्नर झाँसी विमल कुमार दुबे और आईजी आकाश कुलहरि जी ने हेलीकॉप्टर से पुष्प भक्तों पर बरसाए। यात्रा में उपस्थित भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। शिव भक्तों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पुष्प वर्षा का स्वागत किया। यात्रा का लोगो ने 70–80 जगह बड़े बड़े टेंट और मिष्ठान एवं फल वितरित कर स्वागत किया। यात्रा की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है की यात्रा का एक छोर सिद्धेश्वर मंदिर और दूसरा छोर कानपुर चुंगी पर रहा। सिद्धेश्वर मंदिर पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर यात्रा संपन्न हुई। यात्रा में प्रमुख रूप से संजीव अग्रवाल लाला, रोहित गिठनकर, आकाश पाण्डेय, अभिषेक सोनकिया, कमल शर्मा, पंकज शुक्ला, जितेंद्र अमरपुर, सत्यम महाराज, निलेश शर्मा , अंकुश सोनी, गौरव भार्गव , अमित बुधौलिया , सचिन मिश्रा , शिवा झा ,अशोक राय, , अंकित राय, अमित अवस्थी, पारस जैन , राहुल रावत , अनूप नायक , योगी महाराज पालर, हेमंत नायक, आकाश साहू , अभिषेक अग्रवाल , निखिल शर्मा , मोंटी सेंगर , शिवा झा , निखिल नायक , बॉबी नायक , शिशुपाल,सक्षम नायक , राजा नायक, राजा पाखरे , नितेश रावत , दीपक श्रृंगिरीशी, अमित राय, रवि वर्मा , वरुण जैन , राजेश पाल , योगेन्द्र राजपूत, सोनू उपाध्याय, अजय तिवारी अज्जू, राहुल मिश्रा , राजा सेन , गौरव चौधरी , कुणाल खटिक , आशीष केसरिया , राजा दूबे , रोहित पुरोहित, देवेंद्र कंजर , राजेश कंजर , ब्रजेन्द्र राजपूत , उमेश पांडेय, सक्षम शुक्ला , विकास राय, राहुल बनोरिया, दिलीप सोनी , वीरेंद्र वर्मा , आशीष राय, विशाल राय, मिथुन कुमार ,आयुष झा, गौरव सिनोरिया, शिवम नायक , सतेंद्र रायकवार , अजय रावत , सचिन करोसिया , धर्मेंद्र अहिर्वार , पवन रायकवाड़ , अंकुश झा , सनी जोशी , हर्ष वर्मा , अंशु कुशवाहा , नवनीत सिनोरिया , विक्की बर्मा , जितेंद्र कोष्टा , उमेश प्रजापति , सुमित कुशवाहा ,, आयुष दुबे , निखिल पांचाल , रोहित वाँसकार, गर्व जायसवाल , ह्यांश सिंह , भानु सिंग , राजेंद्रेंद्र कुशवाहा , निशांत अहिर्वार , प्रतिमा ओझा , कुसुम साहू , धीरा रायकवार , राजकुमारी रजक , रश्मि मिश्रा , कल्पना वर्मा , संगीता जोशी , रेखा साहू , सुनीता साहू , सुमन पुरोहित , प्रीति शर्मा , रजनी सिंह, नंदा यादव , सुधा गुप्ता , डॉली पचौरी, राजकुमारी यादव , रंजना तिवारी , नीरजा गुप्ता , किरण गौतम , प्रतिमा कुलकर्णी , श्वेता पाराशर , शैली सिंह , श्यामली सिंह, वाष्णवी ठाकुर , नीलम तिवारी , ललिता आर्मो, रूबी साहू , दुर्गेश नंदिनी ,सूर्या निषाद , इंद्र परिहार , पूजा , पिंकी वर्मा , सोनम रंधावा , शीला सिंह , उषा झा आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम के लिए युवा मोर्चा मै जोश

## -22 अगस्त को क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू के भव्य स्वागत के लिए 70 स्थान चिन्हित

## -क्षेत्रीय अध्यक्ष का 22 अगस्त को होगा ऐतिहासिक स्वागत

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बुधवार, 19 अगस्त को एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मंच पर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह,जिला महामंत्री विकास कुशवाहा , जिला मंत्री अंकित राजा मौजूद रहे ।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के सफल क्रियान्वयन पर जोर देते हुए बताया कि इसके माध्यम से प्रत्येक बूथ पर 25 कार्यकर्ताओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है, ताकि केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाया जा सके। कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू का 22 अगस्त को आगमन हो रहा है। झांसी विधानसभा के समस्त 5 मंडलों और बबीना विधानसभा के सदर मंडल से होते हुए भाजपा कार्यालय तक कुल 70 स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि झांसी से क्षेत्रीय अध्यक्ष चुना जाना सभी कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है।भाजपा कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष 22 अगस्त को पहली बार समस्त मंडलों में प्रवास रहेगा । उनके आगमन को लेकर संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सुप्री बाजार मंडल से भाजपा कार्यालय तक विभिन्न स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ओर से उनका स्वागत किया जाएगा। आगमन के दौरान युवा मोर्चा द्वार स्वागत कार्यक्रम मै बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है , सभी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने स्वागत के स्थान चिन्हित किय ही पदाधिकारियों से मंडलवार स्वागत कार्यक्रमों, कार्यकर्ताओं की भागीदारी और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली गई। जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रभक्ति की भावना को जन–जन तक पहुंचाने के साथ संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का आभार जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा अमित सिंह जादौन द्वार किया गया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से राहुल कुशवाहा, हर्ष कुशवाहा, रवि राजपूत, शुभम सिंह अस्ता, गौरव तिवारी, प्रणय अग्रवाल, अन्नू रक्सा, मंगलम दुबे, शुभम बनर्जी आदि उपास्थि रहे

# हाईकोर्ट का फैसला : श्रावस्ती के कथित हाफ एनकाउंटर की जांच सीबीआई को सौंपी, पूर्व एसएचओ का होगा शूटिंग टेस्ट

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में पुलिस द्वारा किए गए एक कथित हाफ एनकाउंटर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने ऐतराज जताते हुए मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी है. अदालत ने पुलिस की कहानी पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए निर्देश दिया है कि सीबीआई तत्कालीन थानाध्यक्ष की निशानेबाजी का परीक्षण करे.

23 पुलिसकर्मियों के घिरे होने पर भी नहीं लगा छरा: अदालत यह जानना चाहती है कि क्या कोई पुलिस अधिकारी रात के घने अंधेरे में, केवल 15 मीटर दूर से हथियार लोड होने की आवाज सुनकर, 9 एमएम पिस्टल से ऐसी सटीक फायरिंग कर सकता है कि दोनों गोलियां सीधे आरोपी के घुटनों के नीचे दोनों पैरों में ही लगें. जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने आरोपी छोटकऊ उर्फ अलाउद्दीन की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस की एफआईआर में दर्ज तथ्यों में भारी विसंगतियां पाईं. हाईकोर्ट ने पुलिस की कहानी पर उठाए ये गंभीर सवाल: घने अंधेरे में 15 मीटर की दूरी से सिर्फ हथियार कॉक होने की आवाज पर चलाई गई दोनों गोलियां सीधे दोनों पैरों के घुटनों के नीचे कैसे लगीं ? अत्याधुनिक हथियारों से लैस स्वाट टीम समेत कुल 23 पुलिसकर्मियों से घिरे होने पर आरोपी ने फायरिंग की, फिर भी किसी पुलिसकर्मी को छर्रा तक क्यों नहीं लगा ? पुलिस की 9 एमएम सर्विस पिस्टल की गोली के आकार और आरोपी के पैरों में आए जख्मों के मेडिकल विवरण में मेल क्यों नहीं है? एक वाहन में 23 पुलिसकर्मी, एफआईआर में 13 पुलिसकर्मियों का एक ही सरकारी गाड़ी में होना और बाद में बिना अन्य गाड़ी के 3 टीमों में बंटने का संदेहास्पद ब्योरा क्यों है ? निचली अदालत की कार्यवाही पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक: पुलिस मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल करने के मामलों में तय वैधानिक गाइडलाइंस का प्रथम दृष्ट्या पालन क्यों नहीं किया गया ? सात वर्षीय बच्ची के कथित अपहरण के 61 मिनट के भीतर दर्ज मूल मुकदमे में गंभीर चोट या दुष्कर्म का कोई उल्लेख नहीं था, लेकिन बाद में इकबालिया बयान दर्ज कर पूरी टीम को पुरस्कृत कैसे कर दिया गया ?

अभियोजन के अनुसार, 9 मई 2025 को इकौना थाने में अलाउद्दीन के खिलाफ 7 वर्षीय बच्ची के अपहरण का केस दर्ज हुआ था. 12 मई 2025 को तत्कालीन एसएचओ अश्विनी कुमार दुबे ने दावा किया कि आरोपी ई–रिक्शा से नेपाल भागने की फिराक में था. पूर्व एसएचओ की निशानेबाजी का होगा साइंटिफिक टेस्ट: पुलिस का दावा था कि जब 23 सदस्यीय टीम ने उसे घेरा तो उसने तमंचे से फायरिंग की, जिसके जवाब में एसएचओ ने आत्मरक्षा में 15 मीटर दूर से दो गोलियां चलाईं जो सीधे उसके दोनों पैरों में लगीं. हाईकोर्ट ने माना कि प्रथम दृष्टया तत्कालीन थानाध्यक्ष ने घटना का मनगढ़ंत और संदेहास्पद ब्योरा पेश किया है. अदालत ने श्रावस्ती की सत्र अदालत में अलाउद्दीन के खिलाफ चल रही सभी कार्यवाहियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है. सीबीआई को निर्देश दिया गया है कि वह बीएनएस की धारा 109 और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच करे, पूर्व एसएचओ के शूटिंग कौशल का वैज्ञानिक परीक्षण करे और तीन महीने के भीतर अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट अदालत के समक्ष पेश करे.

# श्रद्धा और समर्पण: अमित साहू ने की कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा, कहा– 'यह मेरे लिए सौभाग्य की बात '

## -बीकेडी चौराहे पर भव्य कांवड़ यात्रा का स्वागत

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** इस समय झांसी की सड़कों पर बोल बम की धूम मची है। भगवान शिव की भक्त ओरछा के किनारे स्थित बेतवा नदी से कावड़ लेकर सिद्धेश्वर मंदिर की तरफ प्रस्थान कर रहे हैं। यह भव्य यात्रा संजीव श्रृंगऋषि द्वारा हर वर्ष की भटी इस वर्ष भी आयोजित की गई ।दरअसल, सावन शिवरात्रि के अवसर पर कावड़ियां जल लेकर भगवान शिव का अभिषेक करेंगे इसके बाद ही उनकी कांवड़ यात्रा पूर्ण होगी। शहर से गुजर रही इस कावड़ को देखने के लिए श्रद्धालुओं की जमकर भीड़ उमड़ रही है।

सिद्धेश्वर मंदिर जा रही कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत बीकेडी चौराहा पर विशाल मंच पर डीजे, पुष्प वर्षा के साथ आयोजित हुआ स्वागत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झांसी–ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान जिला महामंत्री अमित साहू द्वारा किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सरावगी, पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम नारायण साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता अमित चिरवारिया, ब्लॉक प्रमुख राजकंतेश वर्मा,एवं राजू बुक्सेलर सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।अन्य समाजसेवियों ने मिलकर पुष्प वर्षा की और जल का वितरण किया। शिव भक्तों की बड़ी संख्या के कारण पुलिस को यातायात व्यवस्था बनाए रखने में मेहनत करनी पड़ी।

शिव भक्त स्वागत के उपरांत शिव भजनों पर झूमकर नाचे और पुष्प वर्षा का आनंद उठाया , पूर्व जिला महामंत्री अमित साहू द्वारा लिये गए ऐतिहासिक स्वागत चर्चा का विषय बना हुआ है।

लगभग 11000 से अधिक कावड़िए

पदयात्रा कर सिद्धेश्वर मंदिर पहुंचे। यहां भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेतवा का जल अर्पित किया । इस अवसर पर जिला साहू समाज अध्यक्ष सचेंद्र साहू, जिला महामंत्री साहू समाज अविनाश साहू,राजेश साहू, गुरु प्रसाद साहू, प्रेम नारायण साहू,अंकुर दीक्षित, विशाल दीक्षित, सुनीता साहू, सुमन साहू,गौरव गोस्वामी,मोहित पोरवाल,सुनील विश्वकर्मा, लखन कुशवाहा, रितिका तिवारी, कुसुम कुशवाहा, किशोर वर्मा, संजीव पटेरिया, अभिषेक त्रिपाठी, भरत राठौर, राजेश साहू, व्यापारी नेता संतोष साहू, दीपक साहू, सौरभ गेटल, विनोद साहू भामाशाह, दीपांशु पथरौल, हिमांशु साहू, आकाश साहू,विनोद साहू, विराज राजपूत,सतीश साहू, राजू साहू, गुरजीत सर, गोपाल साहू, राजेश एग्रो,नितिन साहू, राहुल पंडित, आशीष चौकसे, राहुल तिवारी,हरिओम मिश्रा, सिद्धेश दुबे, सिद्धांत दुबे, रंजीत साहू, मुदित साहू, ऋषि साहू, शुभम बैनर्जी समेत कई कार्यकर्ताओं ने कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष गोपाल द्विवेदी ने किया। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718